रोहतक
मंगलवार, 14 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष, अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 255
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00


**मौसम**
अधि. 34.2
न्यून. 16.4

# हरिभूमि


हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,327.05 | 173.77 ▲ |
| निफ्टी | 25,227.35 | 58.00 ▲ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 1,24,155/- | 2630/- ▲ |
| चांदी | 1,75,325/- | 10825/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 88.67 | 05 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल 63.91 बैरल | | 1.90% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।






## खबर संक्षेप

### ईपीएफ अकाउंट से अब पूरा पैसा निकाल सकेंगे



**नई दिल्ली।** ईपीएफ अकाउंट से अब पूरा पैसा निकाला जा सकेगा। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने सोमवार को हुई सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज (सीबीटी) की बैठक में इसका ऐलान किया। ईपीएफओ ने पुराने 13 कठिन नियमों को खत्म कर अब केवल तीन कैटेगरी में पार्शियल विड्रॉल के नियम बनाए हैं। *एजेंसी*

### जैसलमेर में सेना की जिप्सी पलटी, मेजर की मौत

**जैसलमेर।** जैसलमेर में आर्मी की जिप्सी पलट जाने से मेजर की मौत हो गई। वहीं, एक लेफ्टिनेंट कर्नल और 2 मेजर समेत 4 लोग घायल हो गए। हादसा तनोट थाना इलाके में रामगढ़ से लोंगेवाला के बीच गमनेवाला गांव के पास रविवार शाम 5 बजे हुआ। घायलों का सेना के हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। तनोट थाना के एएसआई अचलराम ने बताया- हादसे की जांच शुरू कर दी गई है। सड़क पर मोड़ था, लेकिन जिप्सी मुड़ नहीं पाई और पलट गई। *एजेंसी*

### शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 6% बढ़कर 11.89 लाख करोड़



**नई दिल्ली।** कॉरपोरेट कर संग्रह में वृद्धि और रिफंड में कमी के कारण चालू वित्त वर्ष में 12 अक्टूबर तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 6.33 प्रतिशत बढ़कर 11.89 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। इस साल एक अप्रैल से 12 अक्टूबर के बीच जारी किया गया रिफंड 16 प्रतिशत घटकर 2.03 लाख करोड़ रुपये रह गया। *एजेंसी*

करूर भगदड़

### सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई जांच का दिया आदेश



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को करूर भगदड़ मामले में सीबीआई जांच के आदेश दिए। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने एक्टर विजय की पार्टी टीवीके और भाजपा नेता उमा आनंदन की मामले की सीबीआई जांच याचिका पर फैसला सुनाया। *एजेंसी*

### टोल पर गंदे टॉयलेट की फोटो भेजें, 1000 पाएं



**नई दिल्ली।** नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने 'स्पेशल कैंपेन 5.0' के तहत क्लीन टॉयलेट पिक्चर चैलेंज शुरू किया है। कस्टमर गंदे टॉयलेट की एनएचएआई की साइट पर रिपोर्ट कर सकते हैं। एनएचएआई को शिकायत की जांच सही पाने पर शिकायत करने वाले की कार पर लगे फास्टैग में 1000 रुपये भेज दिए जाएंगे। एजेंसी

## बातचीत का दौर जारी, नहीं बन पा रही सहमति

# अमनीत डीजीपी की गिरफ्तारी पर अड़ी, रोहतक जेल पहुंची एसआईटी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** आईपीएस अफसर वाई पूरन कुमार के शव का सातवें दिन भी पोस्टमॉर्टम नहीं हो पाया। उनकी आईएएस पत्नी अमनीत पी. कुमार डीजीपी शत्रुजीत कपूर और रोहतक के एसपी रहे नरेंद्र बिजारणिया की गिरफ्तारी पर अड़ी हैं। सरकार की तरफ से लगातार बातचीत की कोशिशों के बावजूद हल नहीं निकल पा रहा है। वहीं, केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि इस मामले में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से बात की है। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा है कि हरियाणा सरकार की तरफ से जल्द कुछ गंभीर फैसले लिए जाएंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्यपाल अशीम घोष के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री को सोमवार रात दिल्ली जाना था, लेकिन उनका यह दौरा रद्द हो गया। उन्हें सोनीपत से दिल्ली के लिए निकलना था, लेकिन वह चंडीगढ़ लौट गए। वहीं, दूसरी ओर चंडीगढ़ प्रशासन ने पोस्टमॉर्टम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली हैं। पोस्टमॉर्टम पीजीआई के डॉक्टरों की टीम द्वारा किया जाएगा। जांच के लिए गठित एसआईटी ने रोहतक जेल पहुंचकर गनमैन से पूछताछ की। *(पेज 2 भी देखें)*

**7वें दिन भी नहीं हो पाया शव का पोस्टमार्टम**

### चंडीगढ़ पीजीआई के डॉक्टर करेंगे पोस्टमार्टम

चंडीगढ़ प्रशासन ने पोस्टमॉर्टम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली हैं। परिवार की मांग पर चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से यह तय किया गया है कि पोस्टमॉर्टम पीजीआई के डॉक्टरों की टीम द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही मेडिकल बोर्ड में एक बैलिस्टिक विशेषज्ञ और एक मजिस्ट्रेट को शामिल करने की मांग को भी स्वीकार कर लिया गया है। इसके बाद ही पुलिस ने पोस्टमॉर्टम प्रक्रिया शुरू की जाएगी।



आईपीएस सुसाइड

### पंजाब अनुसूचित जाति आयोग ने चंडीगढ़ डीजीपी से मांगी रिपोर्ट

पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने पूरन आत्महत्या मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए चंडीगढ़ के पुलिस महानिदेशक से रिपोर्ट मांगी है। चंडीगढ़ के पुलिस महानिदेशक को मृतक अधिकारी के सुसाइड नोट तथा उनकी पत्नी अमनीत कुमार द्वारा पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग को दी गई शिकायत पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

**तनाव बढ़ा**

*मुख्यमंत्री नायब सैनी ने राज्यपाल से की मुलाकात*

*इंसाफ की मांग को लेकर प्रदेशभर में विरोध-प्रदर्शन*

### रोहतक जेल में गनमैन से पूछताछ

चंडीगढ़ पुलिस की एसआईटी ने जिला कारागार सुनारियां में बंद पूरन कुमार के गनमैन सुशील से पूछताछ की। उस पर दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में उसका पक्ष जाना। रोहतक के पूर्व एसपी ने सुशील के खिलाफ केस दर्ज करवाया था।

### आज चंडीगढ़ आएंगे सोनिया-राहुल



- कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी मंगलवार शाम 5.15 बजे शोक जताने के लिए चंडीगढ़ आएंगे। पार्टी की तरफ से इसकी आधिकारिक पुष्टि की गई है। सोमवार सुबह पूर्व डिप्टी स्पीकर कुलदीप शर्मा ने कहा था कि शीर्ष नेतृत्व आईपीएस के घर आ सकता है।
- उधर, तेलंगाना के डिप्टी सीएम मल्लू भट्टी विक्रमार्क भी अमनीत से मिलने के लिए पहुंचे। उन्होंने कहा कि जल्द ही उनके प्रदेश के सीएम भी यहां आएंगे। पूरन कुमार मूलरूप से आंध्र प्रदेश के रहने वाले थे। आंध्र प्रदेश से अलग होकर ही तेलंगाना राज्य बना है।
- केंद्रीय राज्यमंत्री रामदास आठवले भी शोक जताने पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और दिवंगत आईपीएस वाई पूरन कुमार की पत्नी आईएएस अमनीत पी. कुमार से मुलाकात की।

## सोना-चांदी की चमक बढ़ी, महंगाई से मिली राहत

# चांदी 10,825 और सोना 2,630 रुपये बढ़कर ऑल टाइम हाई पर

*नई दिल्ली। त्योहारी सीजन में सोना और चांदी अपनी चमक बिखेर रहे हैं। पुष्य नक्षत्र से एक दिन पहले सोमवार को दोनों की कीमत अपने सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। वहीं, महंगाई में भी बड़ी राहत मिली है। सितंबर में रिटेल महंगाई करीब 8 साल के निचले स्तर 1.54% पर आ गई है।*

### इस साल 47,993 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़ा सोना, आगे और तेजी



सोने की कीमतों में सोमवार को बड़ा उछाल आया। पुष्य नक्षत्र से एक दिन पहले 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 2,630 रुपये बढ़कर 1,24,155 रुपये हो गए हैं। इससे पहले शुक्रवार को ये 1,21,525 रुपये पर था। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, फेस्टिव सीजन, इंडस्ट्रियल डिमांड और ग्लोबल स्तर पर सप्लाई कम और मांग बढ़ने की वजह से सोना की कीमत में लगातार बढ़त देखने को मिल रही है। इस वर्ष यह लगभग 1,55,000 रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है।

### एक जनवरी को 86,017 प्रति किलो थी चांदी, अब 1,75,325



चांदी की कीमत एक दिन में 10,825 रुपये बढ़कर 1,75,325 रुपये प्रति किलो के भाव पर पहुंच गई है। शुक्रवार को ये 1,64,500 रुपये पर थी। एक जनवरी 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपये थी, जो अब 1,75,325 रुपये प्रति किलो हो गई है। सोने की तरह दिवाली जैसे त्योहारों की वजह से चांदी की मांग बढ़ी रही है। दूसरा रुपये की कमजोरी के कारण चांदी की कीमतों में बढ़ोतरी हो रही है। वहीं, इलेक्ट्रॉनिक्स, सोलर पैनल जैसे उद्योगों में चांदी की मांग बढ़ी है।

### रिटेल महंगाई 8 साल में सबसे कम

सितंबर में रिटेल महंगाई करीब 8 साल के निचले स्तर 1.54% पर आ गई है। इससे पहले जून 2017 में भी ये इतनी थी। इसकी वजह खाने-पीने की कुछ वस्तुओं की कीमतों में गिरावट है। वहीं अगस्त में रिटेल महंगाई 2.07% रही थी। रिटेल महंगाई के आधिकारिक आंकड़े सरकार ने जारी किए हैं। रिजर्व बैंक का लक्ष्य महंगाई को 4% की सीमा में रखने का है। महंगाई के बास्केट में लगभग 50% योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। *(पेज 6 भी देखें)*



## आईआरसीटीसी घोटाले में परिवार की बढ़ी मुश्किलें

# लालू, राबड़ी और तेजस्वी पर आरोप तय, चलेगा मुकदमा

**पटना (एजेंसी)।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को आईआरसीटीसी घोटाले में आरोपी माना। अब तीनों के खिलाफ केस चलेगा। कोर्ट ने कहा, 'लालू की जानकारी में टेंडर घोटाले की पूरी साजिश रची गई। टेंडर में उनका हस्तक्षेप था। इससे लालू परिवार को फायदा हुआ।' उधर लालू ने इन आरोपों को निराधार बताया। यह मामला रांची और पुरी स्थित आईआरसीटीसी की 2 होटलों के टेंडर में भ्रष्टाचार से जुड़ा है। बिहार चुनाव के बीच यह फैसला लालू और आरजेडी के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। लालू व्हील चेयर पर कोर्ट पहुंचे।

**कोर्ट ने कहा लालू की जानकारी में टेंडर घोटाले की साजिश रची**



### कितनी सजा संभव

लालू, राबड़ी और तेजस्वी पर केस चलेगा। लालू यादव पर भ्रष्टाचार, आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी का आरोप है। इसके अलावा, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 120 बी (आपराधिक साजिश) के तहत आरोप लगे हैं। अगर तीनों के खिलाफ आरोप साबित हुए तो इन्हें एक से 7 साल तक की सजा हो सकती है।

*कंपनी के ठिकानों पर ईडी के छापे*

# कोल्ड्रिफ बनाने वाली श्रीसन फार्मा बंद, लाइसेंस भी रद्द

**चेन्नई (भाषा)।** तमिलनाडु स्थित श्रीसन फार्मास्युटिकल कंपनी का विनिर्माण लाइसेंस पूरी तरह से रद्द कर दिया गया है, जिसने मिलावटी कफ सिरप कोल्ड्रिफ का कथित तौर पर उत्पादन किया था। कंपनी को अब बंद करने का आदेश भी जारी किया जा चुका है। राज्य सरकार ने सोमवार को यह जानकारी दी। राज्य औषधि नियंत्रण विभाग के अधिकारियों ने एक निरीक्षण के दौरान पाया कि कफ सिरप में 48.6 प्रतिशत डायएथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) नामक एक पदार्थ मौजूद था, जो कि एक जहरीला पदार्थ है। यह दवा मध्य प्रदेश में बच्चों की मौत से कथित तौर पर जुड़ी है। अधिकारियों ने यह भी पाया कि कंपनी में उचित अच्छी विनिर्माण प्रथाओं (जीएमपी) और अच्छी प्रयोगशाला प्रथाओं (जीएलपी) का अभाव था और उन्होंने 300 से अधिक गंभीर और बड़े उल्लंघन दर्ज किए। कंपनी के मालिक जी. रंगनाथन को हाल ही में मध्य प्रदेश के एक विशेष जांच दल ने गिरफ्तार किया था।



सिरप से एमपी में 25 बच्चों की मौत हुई



### दिवाली-छठ पूजा पर उत्तर रेलवे ने 30 लाख बर्थ बढ़ाईं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर रेलवे ने दिवाली और छठ पूजा पर घर जाने वाले यात्रियों को तोहफा दिया है। यात्रियों को अब आईआरसीटीसी (इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन) पर टिकट बुक करवाते समय कोच 'रिग्रेट' (बुकिंग बंद) का स्टेटस नहीं दिखेगा। रेलवे ने करीब 30 लाख बर्थ बढ़ा दी हैं। टिकटों की बढ़ती मांग को देखते हुए उत्तर रेलवे ने उन ट्रेनों में कोच बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जहां 'रिग्रेट' स्टेटस मिलने की संभावना है। रेलवे अधिकारी के मुताबिक, इसका फिलहाल अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

# सोनीपत में होने वाली पीएम मोदी की रैली हो सकती है रद्द



**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 17 अक्टूबर को सोनीपत में होने वाली रैली रद्द हो सकती है। यह रैली प्रदेश की नायब सरकार के एक साल पूरा होने के अवसर पर की जा रही थी। सूत्रों के मुताबिक ऐन मौके पर पीएम का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है। हालांकि कारण नहीं बताया है। रैली 17 अक्टूबर को सोनीपत के राई एजुकेशन सिटी में होनी थी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने फोन पर बताया कि कुछ कारणों के चलते पीएम मोदी का हरियाणा दौरा रद्द हो सकता है। हालांकि, सरकार की तरफ से आधिकारिक तौर पर इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई। रैली की सभी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी थी।






## आर्थिक विकास में इनोवेशन की स्टडी के लिए सम्मान

### बताया-उत्पाद और उत्पादन के नए तरीके पुरानों को बदलते रहते हैं

# दो अमेरिकी व एक ब्रिटिश प्रोफेसर को मिला अर्थशास्त्र का नोबेल

*विजेताओं को 11 मिलियन स्वीडिश क्रोना (10.3 करोड़ रुपए), सोने का मेडल और सर्टिफिकेट मिलेगा। पुरस्कार 10 दिसंबर को स्टॉकहोम में दिए जाएंगे। अब तक 99 व्यक्तियों को दिया जा चुका है सम्मान।*

**स्टॉकहोम (एजेंसी)।** इकोनॉमिक्स का नोबेल पुरस्कार तीन अर्थशास्त्रियों जोएल मोकिर (अमेरिका), पीटर हॉविट (अमेरिका) और फिलिप एगियॉन (यूके) को मिला है। नोबेल समिति ने बताया कि इन अर्थशास्त्रियों ने बताया कि इनोवेशन से कैसे आर्थिक विकास का रास्ता खुलता है। तकनीक तेजी से बदलती है और हम सभी पर असर डालती है। उत्पाद और उत्पादन के नए तरीके पुराने तरीकों को बदलते रहते हैं और यह प्रक्रिया कभी खत्म नहीं होती। यही लगातार आर्थिक विकास का आधार है, जिससे दुनिया भर के लोगों की जीवन गुणवत्ता, स्वास्थ्य और जीवन स्तर बेहतर होता है।

**विकास की प्रक्रिया कभी खत्म नहीं होती**

### इतिहास के हवाले से बताया आर्थिक विकास क्यों हो पाया

नोबेल समिति के मुताबिक, जोएल मोकिर ने इतिहास को देखकर यह बताया कि लगातार आर्थिक विकास क्यों हो पाया। उन्होंने कहा कि अगर नए-नए आविष्कार और सुधार लगातार होते रहते हैं, तो हमें सिर्फ यह पता होना जरूरी नहीं कि कोई चीज काम करती है, बल्कि यह भी समझना जरूरी है कि क्यों वह काम करती है।



जोएल मोकिर | फिलिप अघियन | पीटर हॉविट

**समाज का नए विचारों के लिए खुला होना चाहिए**

औद्योगिक क्रांति से पहले लोग यह अक्सर नहीं समझ पाते थे, इसलिए नए खोजों और आविष्कारों का सही इस्तेमाल करना मुश्किल था। इसके अलावा, मोकिर ने कहा कि समाज का नए विचारों के लिए खुला होना चाहिए।

### 1992 में क्रिएटिव डिस्ट्रक्शन मॉडल बनाया

फिलिप एगियॉन और पीटर हॉविट ने लगातार आर्थिक विकास कैसे होता है, इसे समझाने की कोशिश की। इन दोनों ने 1992 में एक मॉडल बनाया जिसे 'क्रिएटिव डिस्ट्रक्शन' यानी 'रचनात्मक विनाश' कहा गया। इसका मतलब है कि जब कोई नया और बेहतर उत्पाद बाजार में आता है, तो पुराने उत्पाद बेचने वाली कंपनियां पीछे रह जाती हैं।

## खबर संक्षेप



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को अपने सरकारी निवास संत कबीर कुटीर में प्रदेश भर से आए लोगों की शिकायतें सुनीं व समाधान के निर्देश दिए।

### चौटाला ने आईपीएस के परिवार को दी सांत्वना

चंडीगढ़। इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने सोमवार को स्वर्गीय आईपीएस वाई. पूरन कुमार के चंडीगढ़ निवास पर जाकर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी धर्मपत्नी पी. अमनीत कौर व उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। पूरे परिवार को अश्वस्त किया कि जब तक आपके साथ न्याय नहीं होगा हम आपके न केवल साथ खड़े हैं बल्कि सरकार को इसके लिए मजबूर भी करेंगे की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

### बिजली शिकायतों पर सुनवाई आज

चंडीगढ़। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली की आपूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम सर्कल फोरम पंचकूला के उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के चेयरमैन एवं सदस्य मंच की कार्यवाही 14 अक्तूबर को पंचकूला में की जाएगी। इस दौरान केवल पंचकूला जिला के उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई की जाएगी।

### देश में स्टार्टअप संस्कृति की जरूरत : गुप्ता

पंचकूला। देश में स्टार्टअप अब समय की आवश्यकता हैं। यह बात पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने पंचकूला इंडस्ट्रियल एरिया फेज-2 में सरा3 की नई मुहिम की शुरुआत के दौरान कही। सरा3 की पहल का उद्देश्य युवाओं को स्टार्टअप स्थापित करने और यहां तक कि उन्हें चलाने के लिए आवश्यक नवीनतम जानकारी प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना है। गुप्ता ने कहा कि एक बेहतर स्टार्टअप न सिर्फ रोजगार देता है बल्कि देश की अर्थव्यवस्था में भी अहम योगदान देता है।

### सेवा पखवाड़े में समाजसेवी सम्मानित

चंडीगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर किए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत भाजपा चंडीगढ़ द्वारा विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान करने का कार्यक्रम प्रदेश कार्यालय कमलम सेक्टर 33 चंडीगढ़ में आयोजित किया गया। विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास ने बताया कि इस कार्यक्रम में गुरुदेव स्वामी विश्वास के आशीर्वाद से मुख्यातिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा एवं चंडीगढ़ नगर निगम की महापौर हरप्रीत कौर बबला ने विश्वास फाउंडेशन को अति विशिष्ट सेवा सम्मान अवॉर्ड सम्मान पत्र से नवाज़ा।

---

ग्लोबल पंजाबी एसो. ने सामाजिक सौहार्द व सिख समुदाय के कल्याण के प्रयासों को सराहा

# मुख्यमंत्री शेर-ए-पंजाब महाराजा रणजीत सिंह पुरस्कार से सम्मानित

गुरुजी ने मानवता की रक्षा व धर्म की स्वतंत्रता के लिए प्राण न्योछावर किए : मुख्यमंत्री





चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सोमवार को ग्लोबल पंजाबी एसोसिएशन की ओर से प्रतिष्ठित शेर-ए-पंजाब महाराजा रणजीत सिंह पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनके प्रेरणादायी नेतृत्व, सामाजिक सौहार्द के प्रति प्रतिबद्धता और हरियाणा के सिख समुदाय के कल्याण के लिए किए गए सतत प्रयासों की सराहना स्वरूप प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ के सेक्टर 18 स्थित टैगोर थियेटर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गुरु तेग बहादुर को नमन करते हुए कहा कि आज का यह अवसर मेरे लिए अत्यंत प्रेरणादायी और हृदयस्पर्शी है। जब हम हिंद की चादर नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन पर आधारित पुस्तक के विमोचन के साक्षी बने हैं।

### गुरु तेग बहादुर के जीवन, यात्राओं व अद्वितीय सर्वोच्च बलिदान पर लिखित पुस्तक 'तिलक जंजू का राखा' का विमोचन

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने ग्लोबल पंजाबी एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक डॉ. इकबाल सिंह लालपुरा द्वारा लिखित हिंदी पुस्तक 'तिलक जंजू का राखा' का विमोचन किया। यह पुस्तक सिखों के नौवें गुरु तेग बहादुर के जीवन, यात्राओं और अद्वितीय सर्वोच्च बलिदान का गहन शोधपूर्ण वृत्तांत है। नायब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत के इतिहास में गुरु तेग बहादुर जी, एक ऐसा नाम हैं, जिन्होंने मानवता की रक्षा और धर्म की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण तक न्योछावर कर दिए। जिस समय भारत में औरंगजेब का शासन था और हालात इतने नाजुक थे कि गुरु गद्दी पर बैठना शहंशाह से शत्रुता मोल लेना था। ऐसे संकट के समय में गुरु तेग बहादुर ने निर्भीकता का परिचय देते हुए गुरु पद पर सेवा करना स्वीकार किया।

### कश्मीरी पंडितों की व्यथा सुनकर उनकी रक्षा की

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब औरंगजेब अपने ज़ोर-जुल्म के बल पर हिंदुओं को मुसलमान बनाने पर तुला था। उसने हिंदुओं के मंदिर ध्वस्त कर देने के आदेश जारी किए और नए मंदिरों के निर्माण पर पाबंदी लगा दी। जब कश्मीरी पंडितों को इस अन्याय का सामना करना पड़ा तो वे अपने धर्म की रक्षा के लिए गुरु तेग बहादुर जी की शरण में आए। उनकी व्यथा सुनकर गुरु जी ने कहा कि यदि कोई महापुरुष अपना बलिदान दे तभी आपका धर्म बच सकता है।

### गुरुजी के 400वें प्रकाश वर्ष को देशभर में मनाया गया

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर आजादी का अमृत महोत्सव गुरु तेग बहादुर के 400वें प्रकाश वर्ष को देशभर में मनाया गया। गुरु तेग बहादुर के 400वें प्रकाश पर्व पर उनकी स्मृति में डाक टिकट और एक सिक्का भी जारी किया गया। प्रधानमंत्री ने दशम पातशाह गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह के शहीदी दिवस को हर वर्ष वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया।

### सिख गुरुओं का हरियाणा की भूमि से गहरा नाता

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रथम पातशाह गुरु नानक देव जी से लेकर दशम पातशाह गुरु गोबिंद सिंह तक, सभी सिख गुरुओं ने हमें सेवा, समानता और साहस की शिक्षा दी। हरियाणा की पावन धरा से सभी सिख गुरुओं का गहरा सम्बन्ध रहा है। जहां-जहां वे पधारे, ऐसे 30 से अधिक स्थानों पर उनकी याद में गुरुघर स्थापित हैं। इस अवसर पर गोस्वामी सुशील महाराज, नाभा की महारानी उमा सिंह, मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बड़खलसा, कुलवंत सिंह धालीवाल और ग्लोबल पंजाब एसोसिएशन के पदाधिकारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

---

केन्या के नारोक काउंटी के गवर्नर के हरियाणा के कृषि मंत्री से की मुलाकात

# कृषि, सिंचाई व पशुपालन में सहयोग बढ़ाने पर सहमति



चंडीगढ़। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने सोमवार को केन्या के नारोक काउंटी के गवर्नर पैट्रिक ओले नटुटू से मुलाकात कर भारत-केन्या कृषि सहयोग को नई गति देने पर चर्चा की।बैठक में दोनों नेताओं ने कृषि भूमि विकास, सिंचाई प्रणाली के आधुनिकीकरण, पशुपालन क्षेत्र में नवाचार, तथा कृषि अनुसंधान और तकनीकी साझेदारी को बढ़ाने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया।राणा ने बैठक के दौरान हरियाणा में चल रही फसल विविधीकरण नीति, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली और ड्रोन आधारित कृषि तकनीकों से हुए सकारात्मक परिणामों की जानकारी साझा की।

### अनुसंधान पर दोनों मिलकर काम करेंगे

कृषिमंत्री ने कहा कि हरियाणा ने आधुनिक तकनीक अपनाकर कृषि उत्पादन और किसानों की आय में उल्लेखनीय सुधार किया है। इन अनुभवों से केन्या भी लाभान्वित हो सकता है। उन्होंने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार और केन्या के कृषि अनुसंधान संस्थानों के बीच संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और विशेषज्ञों के आदान-प्रदान की भी आवश्यकता जताई ताकि दोनों देशों के किसान नई तकनीकों से जुड़ सकें। गवर्नर पैट्रिक ओले नटुटू ने हरियाणा सरकार की कृषि नीतियों और तकनीकी नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि नारोक काउंटी में भी हरियाणा की तर्ज पर आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने का प्रयास किया जाएगा।

---

जापान दौरा निवेश की दृष्टि से सफल रहा

## पांच हजार करोड़ रुपये के निवेश समझौते हुए, कृषि क्षेत्र में खुलेगा नया द्वार : राव

चंडीगढ़। प्रदेश के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ हाल ही में संपन्न हुआ जापान दौरा निवेश की दृष्टि से अत्यंत सफल रहा है। इस दौरान लगभग पांच हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के लिए कई प्रमुख जापानी कंपनियों के साथ 10 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह दौरा हरियाणा में कृषि और पर्यावरणीय क्षेत्रों में एक नए युग की शुरुआत करेगा। राव नरबीर सिंह ने कहा कि जापान की सबसे बड़ी विशेषता उसकी वचनबद्धता और कार्यसंस्कृति है, वहां की कंपनियां जो वायदा करती हैं, उसे निर्धारित समय में पूरी निष्ठा से धरातल पर उतारती हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा में जापानी निवेश का यह सिलसिला नया नहीं है। वर्ष 1980 में जब वे पहली बार मंत्री बने थे, तभी मारुति उद्योग लिमिटेड ने पुराना गुरुग्राम में अपनी पहली इकाई स्थापित की थी।

### प्रदेश में 500 से अधिक जापानी कंपनियां सक्रिय

आज प्रदेश में 500 से अधिक जापानी कंपनियां सक्रिय हैं, जो हरियाणा की



औद्योगिक प्रगति में अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि कुबोटा ट्रैक्टर कंपनी हरियाणा के कृषि विकास में अपनी अहम भूमिका निभाएगी, जबकि पर्यावरणीय क्षेत्र में ग्रीन एनर्जी, इलेक्ट्रिक वाहन, स्मार्ट मोबिलिटी, ग्रीन बिल्डिंग और सस्टेनेबल इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से शहरों का विकास होगा और नागरिकों की जीवन गुणवत्ता में सुधार आएगा।

---

## मुख्यमंत्री ने किया रैली स्थल का निरीक्षण मुख्य मंच और अन्य व्यवस्थाओं को देखा

सोनीपत। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आगामी 17 अक्टूबर को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जन विश्वास-जन विकास समारोह में पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में सोनीपत के राई एजुकेशन सिटी में आयोजित समारोह में आएंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश को विकास की नई सौगात देंगे।

समारोह स्थल पर पहुंचकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सर्वप्रथम स्थल का दौरा किया। उन्होंने मुख्य मंच व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।



### मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

इसके उपरांत उन्होंने अधिकारियों की बैठक ली और समारोह को लेकर सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। यह सरकार नॉन स्टॉप जनता के विकास से जुड़े काम कर रही है। पूर्व की सरकारों में पर्ची और खर्ची से सरकारी नौकरियां मिलती थी लेकिन आज बिना पर्ची और बिना खर्ची के नौकरियां मिल रही हैं।

---

## सरकार ने बैंक इम्पैनलमेंट नीति में किया संशोधन, जमा सीमा में दी ढील

- कुल 28 बैंक राज्य सरकार के साथ सरकारी लेनदेन हेतु एम्पैनल किए गए

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने राज्य में सरकारी लेनदेन का काम करनेवाले बैंकों की एम्पैनलमेंट (पैनल में शामिल करने) संबंधी नीति में महत्वपूर्णबदलाव किए हैं। मुख्य सचिव श्री अनुरागरस्तोगी,जिनके पास वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव का दायित्व भी है,द्वारा इस सम्बन्ध में संशोधित दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। संशोधित नीति के अनुसार,वित्त विभाग ने उन बैंकों (छोटे वित्तीय बैंकों को छोड़कर) के लिए 50 करोड़ रुपये की जमा सीमा समाप्त कर दी है, जिन्हें पहली बार राज्य सरकार के साथ एम्पैनल किया गया है। अब ऐसे बैंक राज्य सरकार के साथ पहले से एम्पैनल अन्य बैंकों के समान माने जाएंगे। स्मॉल फाइनेंस बैंकों के लिए किसी एक विभाग और किसी एक बैंक के साथ अनुमत जमा सीमा को 25 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 50 करोड़ रुपये कर दिया गया है। पिछले परिपत्र में वर्णित अन्य सभी शर्तें यथावत रहेंगी। वर्तमान में कुल 28 बैंक राज्य सरकार के साथ सरकारी लेनदेन हेतु एम्पैनल किए गए हैं। इनमें सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र के तथा छोटे वित्तीय बैंक शामिल हैं।

---

## जजपा की महिला प्रदेश कार्यकारिणी का गठन, 52 पदाधिकारी नियुक्त

वरिष्ठ नेताओं की सलाह पर विस्तार

चंडीगढ़। जननायक जनता पार्टी ने अपने संगठन में विस्तार करते हुए कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की है। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश प्रभारी डॉ किरण पुनिया, महिला प्रदेश अध्यक्ष रजनी दहिया मालिक व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विचार-विमर्श के बाद महिला प्रदेश कार्यकारिणी में 52 पदाधिकारी और एक महिला जिला अध्यक्ष की नियुक्तियों की सूची जारी की। जेजेपी ने फतेहाबाद जिले में संतोष माचरा को महिला जिला अध्यक्ष बनाया हैं। वहीं बिमला चौधरी, सरोज लुथरा और ओमपति देवी रोहतक जेजेपी की महिला वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष होंगी। जेजेपी महिला प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर प्रोमिला शर्मा, निर्मला परमार, संगीता चौहान, केलो देवी, डॉ सुखविंदर कौर, आयुषी यादव, शीला चहल, अनीता वर्मा, किरण भाटिया, अमिता ढांडा और निर्मला कुंडू को नियुक्त किया हैं।

## महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर पा रही ममता बनर्जी

चंडीगढ़। ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है, जिसमें उन्होंने कहा था कि लड़कियों को रात में घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। विज ने कहा कि "ममता बनर्जी अपने बयान से खुद यह परिभाषित कर रही हैं कि वे एक कमजोर मुख्यमंत्री हैं। एक महिला होते हुए भी वे अन्य महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में असमर्थ हैं। यह बयान उनकी नाकामी को उजागर करता है। विज चंडीगढ़ में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि "इससे पहले भी कई मौकों पर ममता बनर्जी ने अपनी बेचारगी और प्रशासनिक असमर्थता का परिचय दिया है। ऐसे बयान उनके नेतृत्व की कमजोरी और सरकार की विफलता को दर्शाते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा अनुशासन समिति गठित किए जाने संबंधी बयान पर पूछे गए सवाल पर भी कांग्रेस को घेरा।



## प्रदेश के किसानों को न राहत मिली, न मुआवजा : ढांडा

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने बयान जारी कर हरियाणा की बीजेपी सरकार पर बाढ़ राहत को लेकर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि "जहां पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार ने किसानों के साथ खड़े होकर रिकॉर्ड 30 दिनों में 20000 प्रति एकड़ मुआवजा देकर इतिहास रचा, वहीं हरियाणा में किसानों को न राहत मिली, न मुआवजा, न गिरदावरी का काम समय पर पूरा हुआ। अनुराग ढांडा ने कहा कि बाढ़ के दौरान हरियाणा में 5.30 लाख किसान, 6,395 गांव और करीब 31 लाख एकड़ खेती योग्य भूमि प्रभावित हुई, लेकिन अब तक किसानों को एक रुपया भी मुआवजा नहीं मिला। 8 जिलों में 15,834 एकड़ गिरदावरी कार्य अभी भी अधूरा पड़ा है। इतना बड़ा नुकसान दर्ज होने के बावजूद बीजेपी सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी रही। यह मुख्यमंत्री नायब सिंह की घोर नाकामी और किसानों के प्रति उनकी असंवेदनशीलता को उजागर करता है। ढांडा ने कहा किसरकार ने केवल 15,000 प्रति एकड़ मुआवजे की घोषणा कर किसानों का अपमान किया है।




### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/BSO/696

हमकि रविदत्त – रमेश कुमार पुत्रान मांगेराम पुत्र तोखराम, निवासीगण एवं बिस्वेदारान गांव देवरखाना, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2019–20, के अनुसार अराजी खेवट न0 102 मिन/79, खाता न0 106 मिन, मु0 न0 28, किला न0 14/2(5–8), 15(8–0), किते 2, तादादी रकबा 13 कनाल 8 मरले का 1/5 भाग, बकदर 2 कनाल 13.6 मरले के मालिकान व काबिजान हैं जिसमें से 10/67 भाग, बकदर 2 कनाल 0 मरला (0.25 एकड़) (जिसमें रविदत्त – रमेश कुमार हर दो समभाग) वाका रकबा मौजा देवरखाना, तहसील बादली, जिला झज्जर जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 28, किला न0 14/2 मिन उत्तर (0–16), 15 मिन उत्तर (1–4) किते 2, तादादी रकबा 2 कनाल 0 मरला (0.25 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 13.10.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com


---

सातवें दिन भी एडीजीपी के संस्कार पर नहीं टूटा गतिरोध

# सरकार के कामकाज पर पड़ रहा असर, प्रदेश के शीर्ष नौकरशाह कई दिन से मामले में व्यस्त

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

एक सप्ताह बीत गया है लेकिन हरियाणा कैडर के आईपीएस अफसर वाई पूरन कुमार के शव का पोस्टमार्टम और संस्कार नहीं हो सका है। पूरे मामले में लगातार सियासत भी तेज होती जा रही है। सोमवार को केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले अपने समर्थकों के साथ में पहुंचे, तो पंजाब के नेताओं का भी जमावड़ा लगा हुआ है। आईपीएस की मौत के मामले का सीधा सीधा असर हरियाणा सरकार के कामकाज पर भी पड़ रहा है, क्योंकि पूरी अफसरशाही और सरकार का ध्यान इधर लगा हुआ है। मंगलवार को नेता विपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद राहुल गांधी के आने का कार्यक्रम तय हो गया है, उनके आने के कार्यक्रम के कारण चंडीगढ़ पुलिस प्रशासन के भी हाथ पैर फूल गए हैं। राहुल गांधी की सुरक्षा के साथ-साथ में चंडीगढ़ सेक्टर 24 स्थित अधिकारी के सरकारी आवास के इर्द गिर्द कड़ी सुरक्षा का पहरा लगा दिया गया है।

### एसआईटी ने मामले की जांच तेज की

उधर, पूरे मामले में गठित एसआईटी के अफसरों ने जांच की शुरुआत भी तेजी के साथ में कर दी है। सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि एसआईटी रोहतक में वाई पूर्ण कुमार के पीएसओ की गिरफ्तारी, मामले में दर्ज हुए केस और आडियो रिकार्डिंग सभी तथ्यों पर काम कर रही है। पूरे मामले में सभी साक्ष्यों को लेकर आला अफसर गंभीर हैं, ताकि पूरी तरह से साक्ष्यों को सुरक्षित रखा जा सके। हाईप्रोफाइल मामला होने के कारण चंडीगढ़ पुलिस अफसरों डीजीपी, आईजी और एसएसपी सभी के हाथ पैर फूले हुए हैं, क्योंकि तमाम वरिष्ठ अफसरों, रिटायर अफसरों नेताओं द्वारा तरह तरह से सवाल उठाए जा रहे हैं क्योंकि मामला आत्महत्या और एक आईपीएस अफसर के सुसाइड का है, इसलिए हर कदम फूंक फूंककर रखना पड़ रहा है। कुल मिलाकर मंगलवार को भी कांग्रेस और अन्य पार्टियों के वरिष्ठ नेताओं के वहां पहुंचने का सिलसिला जारी रहेगा, जिसके लिए चंडीगढ़ प्रशासन और पुलिस अफसर रात में ही तैयारी में जुटे हुए हैं।

### कई महत्वपूर्ण बैठकें टल चुकी

सूबे की नायब सैनी सरकार के कार्यक्रमों को लेकर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। शनिवार को होने वाली मंत्रिमंडल की बैठक को टाला गया और अगले रोज रविवार को करना पड़ा। इसके अलावा जापान से सीएम और अधिकारियों के लौटने के बाद में उस कार्यक्रम की जानकारी मीडिया को देनी थी लेकिन वाई पूर्ण कुमार मामले के कारण इसको एन वक्त पर टाल दिया गया। इसी तरह से सीएम के कार्यक्रमों में लगातार बदलाव किए जा रहे हैं। विपक्ष के हमलों और सियासत से बचने के लिए सीएम और उनकी टीम ने कई कार्यक्रमों में बदलाव किया। भाजपा की बैठकों में भी वाई पूर्ण कुमार मामले में शोक व्यक्त करते हुए शुरुआत हो रही है। आईपीएस वाई पूर्ण कुमार की मौत को लेकर रविवार को महापंचायत द्वारा 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया था, जो मंगलवार को समाप्त हो रहा है।

### विकास में युवाओं की भूमिका अहम : ढांडा

चंडीगढ़। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि 2047 तक भारत को दुनिया का सबसे ताकतवर देश और विश्व गुरु बनाने का जो संकल्प लिया गया है, उसे पूरा करने में युवा पीढ़ी की महत्त्वपूर्ण भूमिका होगी। भारत दुनिया का सबसे युवा देश है और जब युवा शक्ति किसी काम को करने की ठान लेती है तो वह जरूर पूरा होता है। ढांडा सोमवार को करनाल में एक कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे।


### उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना संख्या ETrU-T-06-2025-26**

वरि. मंडल विद्युत अभियंता/क.वि./उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–टेंडरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित करते है। इन निविदाओ को प्रत्येक कार्य के आगे दर्शायी गई तिथि को 15:00 बजे तक **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किया जा सकता है। इनको 15:00 बजे के उपरान्त तत्काल खोला जायेगा।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा बंद/खुलने की तिथि | लगभग लागत | धरोहर राशि | कार्य पूरा करने की अवधि | वैधता अवधि | टेण्डर फॉर्म की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ETrU-T-06-2025-26 | अंबाला डिवीजन के आरपीजे–एसएनएल सेक्शन में जंग लगे कैंटिलीवर के स्थान पर नए कैंटिलीवर का प्रावधान हेतु कार्य | 04.11.2025 | ₹ 3,16,36,956.04/- | ₹ 3,08,200/- | 09 महीने | 60 दिन | Downloading through IREPS portal-NIL (₹ 10,000/- Sr. DEE/TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए) |

1. निविदाकार को सभी जरूरी योग्यता दस्तावेज एवं PAN/GSTIN की Scanned Copies IREPS पोर्टल पर अपलोड करनी है। 2. निविदाकार के पास ई–निविदा में भाग लेने के लिए क्लास– III Digital Signature Certificate होनी चाहिए। 3. कार्य में GST, BOCWW, Income Tax एवं नियमानुसार आवश्यक टैक्स लागू होंगे। 4. कार्य में सिमिलर नेचर कंडीशन लागू हैं एव इस प्रकार है: Design, supply, erection, testing & commissioning of 50Hz, single phase 25 KV AC OHE 5. टेंडर डॉक्यूमेंट एवं निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जायें। संख्या : ETrU-T-06-2025-26 दिनांक 13.10.2025

3156/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### सांकेतिक कब्जा सूचना

ICICI Home Finance | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा–कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई–400051

**कार्पोरेट कार्यालय** : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059

**शाखा कार्यालय** : एससीओ 154, प्रथम तल, रेड स्क्वेयर मार्केट, यूई–1, निकट टेलीफोन एक्सचेंज, हिसार–125001

चूंकि

अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | निखिल पुत्र शाम सुन्दर (कर्जदार), मीनाक्षी पत्नी निखिल (सह–कर्जदार), LHSIR00001317409 | मीनाक्षी के पक्ष में सुनीता द्वारा निष्पादित हदबस्त नं. 86 के तहत दस्तावेज नं. 8330 दिनांक 02.12.2029 के अनुसार गांव शाहपुर बेगु, तहसील व जिला सिरसा में स्थित खेवट नं. 2575 मुरबा नं. 41, किल्ला नं. 15/1 में निहित 0के–12एम का 06/301 हिस्सा जो 0के–0एम–2 सरसाई और 14के–9एम का 06/301 हिस्सा जो खेवट नं. 753, कित्ता 2 में निहित भूमि माप 0के–05एम–07 सरसाई जमाबंदी वर्ष 2017–18, सम्पत्ति माप 30'×55' अर्थात 183.33 वर्गगज अर्थात 6 मरला के सभी भाग व हिस्से, सीमाएं : पूर्व : गली 30 फीट, पश्चिम : एसडीओ रघुबीर का प्लॉट 30 फीट, उत्तर : संदीप कुमार 55 फीट, दक्षिण : सुबेदार जगदीप का मकान 55 फीट / कब्जे की तिथि 09.10.2025 | 24-07-2025 रु. 16,70,408.6/- | हिसार |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

दिनांक : 14 अक्तूबर 2025, स्थान : सिरसा | प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

## एसीबी की बड़ी कार्रवाई : वोट के बदले 50 लाख रुपये मांगने का आरोप

# चीका नगर पालिका पार्षद रिश्वत मांगने पर गिरफ्तार

### वाइस चेयरपर्सन के पक्ष में वोट के लिए डिमांड की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कैथल जिले की एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने नगर पालिका चीका के वार्ड-14 पार्षद जितेन्द्र कुमार के खिलाफ रिश्वत मांगने के गंभीर आरोपों में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है। पार्षद पर आरोप है कि उसने नगर पालिका अध्यक्ष रेखा रानी और उपाध्यक्ष पूजा शर्मा के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव में वोट न देने की एवज में खुद और अपने दो साथी पार्षदों के लिए 50 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी। यह प्रस्तावित वोटिंग 3 जुलाई को होनी थी। शिकायतकर्ता विजय कुमार निवासी चीका ने एसीबी अंबाला को दी शिकायत में बताया कि वह नगर पालिका उपाध्यक्ष पूजा शर्मा का विश्वस्त सहयोगी है।



आरोपी पार्षद जितेंद्र कुमार



कैथल। नगर पालिका के पार्षद एंटी करप्शन ब्यूरो के गिरफ्त में। फोटो : हरिभूमि

### जांच में आरोप सही पाए

विजय की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए जांच में आरोप सही पाए गए। मधुबन एफएसएल से आवाज मिलान रिपोर्ट आने के बाद पार्षद जितेन्द्र कुमार को गिरफ्तार किया गया है। जांच में अन्य पार्षदों की भूमिका भी सामने आ सकती है। यदि प्रमाण मिले तो उनके खिलाफ भी केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा और रिमांड लिया जाएगा।
**-महेंद्र सिंह** इंस्पेक्टर इंचार्ज एसीबी कैथल

### दो अन्य साथियों संग किया था संपर्क

कुछ समय से नगर पालिका में अविश्वास प्रस्ताव लाने की चर्चा चल रही थी। इस दौरान पार्षद जितेन्द्र कुमार ने अपने दो अन्य पार्षद साथियों के साथ विजय से संपर्क किया और कहा कि वे प्रस्ताव के विरोध में वोट देंगे, लेकिन इसके बदले 50 लाख रुपए की राशि चाहिए।

### लेनदेन की रिकॉर्डिंग एसीबी को सौंप दी

कुछ समय से नगर पालिका में अविश्वास प्रस्ताव लाने की चर्चा चल रही थी। इस दौरान पार्षद जितेन्द्र कुमार ने अपने दो अन्य पार्षद साथियों के साथ विजय से संपर्क किया और कहा कि वे प्रस्ताव के विरोध में वोट देंगे, लेकिन इसके बदले 50 लाख रुपए की राशि चाहिए। तभी वह पक्ष में वोटिंग करेगा। विजय कुमार के अनुसार तीनों पार्षदों ने 6 लाख रुपए अग्रिम नकद देने की मांग की थी और बाकी रकम बाद में लेने की बात कही। विजय ने यह पूरी बातचीत गुप्त रूप से रिकॉर्ड कर ली और सबूतों सहित एसीबी को सौंप दी।

### भनक लगने पर झाड़ा पल्ला

जब पार्षदों को इस बात की भनक लगी कि शिकायतकर्ता कानूनी कार्रवाई करवा सकता है, तो उन्होंने रिश्वत से इनकार करते हुए मामले से पल्ला झाड़ लिया। इसके बाद विजय ने पूजा शर्मा की सहमति से एसीबी में शिकायत दर्ज करवाई। एसीबी की जांच के बाद आरोपी पार्षद जितेन्द्र कुमार की आवाज का मधुबन स्थित फॉरेंसिक साइंस लेबोरेट्री (एफएसएल ) में वॉइस मैच टेस्ट कराया गया, जिसमें रिकॉर्डिंग की आवाज उससे मेल खा गई। इसके बाद एसीबी टीम ने चीका बाजार स्थित उसकी दुकान से उसे गिरफ्तार कर लिया। उसको आज आरोपी पार्षद को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा है। ब्यूरो की टीम अब रिश्वत के लेन-देन और संलिप्त अन्य लोगों की भूमिका की गहराई से जांच कर रही है।

# बिना दस्तावेज के घी फैक्ट्री चलाने वाला काबू



फैक्ट्री में मौजूद सामान।

**जींद।** कृष्णा कालोनी में बिना वैध दस्तावेजों के घी फैक्ट्री चलाने तथा मिलावटी घी तैयार ने पर शहर थाना पुलिस ने फैक्टरी संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी करने, मिलावटी खाद्य पदार्थ तैयार करने पर मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपित को काबू कर पूछताछ कर रही है। शहर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि रोहतक रोड बाइपास रेलवे लाइन पार कृष्णा कालोनी में मिलावटी घी की फैक्टरी चल रही है। फैक्ट्री संचालक शिव कालोनी निवासी कृष्ण मौके पर मिला। फैक्ट्री में दीप केशव प्रीमियम क्वलिटी के नाम से उत्पाद तैयार किया जा रहा था। कुछ पैक घी पर ज्योत तथा हवन प्रयोग के बारे में लिखा गया था। जबकि कुछ पैक घी पर खाने तथा किचन प्रयोग के बारे में लिखा गया था। जिसके सैंपल खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा भरे गए।




# अंबाला में लिव-इन में रह रही महिला की हत्या, प्रेमी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला छावनी के बोह गांव के पास शिव शक्ति कॉलोनी में लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाली महिला की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान सिरसा जिले के रानियां की 34 वर्षीय प्रिया के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। प्रिया दो बच्चों की मां थी। उसने पति को छोड़कर लगभग आठ महीने पहले बोह गांव के एक युवक के साथ किराये के मकान में रहना शुरू किया था। घटना के समय महिला अपने प्रेमी के साथ ही घर में मौजूद थी। महिला के चेहरे और छाती पर कई

**चेहरे व छाती पर मिले चाकू के निशान**



जगह चाकू के निशान मिले हैं। पुलिस की मानें तो महिला की बेरहमी से हत्या की गई है। सीन ऑफ क्राइम की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर घटना स्थल से साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी। पुलिस ने महिला के प्रेमी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पता चला है लूट के इरादे से हत्या की योजना बनाई थी।

# करनालः दो पक्षों में खूनी संघर्ष फायरिंग में पांच लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

घरौंडा उपमंडल के अंतर्गत आने वाले बल्हेड़ा गांव में सोमवार मामूली कहासुनी ने बड़ा रूप ले लिया और एक परिवार पर लगभग तीन दर्जन लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने ताबड़तोड़ चार से पांच राउंड फायरिंग की और लाठी-डंडों व तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। घटना में एक पक्ष के चार से पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दो व्यक्तियों को गोलियों के छर्रे लगने की आशंका जताई जा रही है। वारदात के बाद पूरे गांव में दहशत फैल गई। बल्हेड़ा निवासी वाजिद के परिवार

**दो आरोपी काबू, बाकी हमलावर फरार हो गए**



का सोमवार सुबह पड़ोस में रहने वाले हारून के परिजनों के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। ग्रामीणों ने शुरू में मामले को शांत करवाने का प्रयास किया, लेकिन झगड़ा थमने की बजाय और बढ़ता चला गया। हारून के परिजनों ने बाहरी बदमाश प्रवृत्ति के लोगों को मौके पर बुला लिया।



## बिहार में गुजरात मॉडल नहीं अपनाएगी भाजपा

# तीन सूत्रीय फॉर्मूले से तय कर रही उम्मीदवार, 75 पार वालों को भी मिलेगा टिकट

भाजपा अकसर सभी चुनावों में करीब 30 फीसदी मौजूदा विधायक का टिकट काटती रही है और उनकी जगह युवाओं को मौका देती रही है लेकिन इस बार बिहार में ये मॉडल नहीं अपनाया जाएगा

### भाजपा ने फाइनल किए नाम, कभी भी जारी हो सकती है सूची

एजेंसी ▸▸ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सत्ताधारी एनडीए गठबंधन में सीटों के बंटवारे का ऐलान होने के बाद अब उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कभी भी हो सकती है। भाजपा ने गठबंधन के तहत आवंटित सभी 101 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम फाइनल कर लिए हैं और उसका ऐलान कभी भी हो सकता है। पार्टी बिहार में टिकट बंटवारे में गुजरात मॉडल नहीं अपनाएगी।

जातीय समीकरण
जिताऊ उम्मीदवार और युवाओं पर ध्यान

यानी 30 फीसदी मौजूदा विधायकों के टिकट नहीं काटेगी। भाजपा अकसर सभी चुनावों में इस मॉडल का इस्तेमाल कर करीब 30 फीसदी मौजूदा विधायक का टिकट काटती रही है और उनकी जगह युवाओं को मौका देती रही है लेकिन इस बार बिहार में ये मॉडल नहीं अपनाया जाएगा। हालांकि पार्टी 16 मौजूदा विधायकों का टिकट काट सकती है। इसके अलावा 75 पार की उम्र वालों को भी टिकट मिल सकता है। जिनके टिकट कटेंगे उनकी सीटों पर महिलाओं और युवाओं को उतारने की रणनीति भाजपा ने बनाई है। इसके तहत जातीय समीकरण, जिताऊ उम्मीदवार और युवाओं की भागीदारी पर विशेष ध्यान दिया गया है।



फाइल फोटो

#### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बोले

### एनडीए में मतभेद नहीं, भारी बहुमत से बनेगी सरकार, हम 'पांच पांडव'



बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने एनडीए के भीतर किसी तरह के मतभेद होने से इनकार किया और कहा कि गठबंधन एकजुट होकर चुनाव लड़ेगा। उन्होंने कहा कि एनडीए ने पहले ही सीट बंटवारे की घोषणा कर दी है। अब भाजपा समेत राजग के सभी घटक दलों के उम्मीदवारों की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में राजग के पांच घटक दल 'पांच पांडव' की तरह हैं और सभी मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेंगे तथा भारी बहुमत से सरकार बनाएंगे।

#### नाराज कुशवाहा ने कहा

### आज बादलों ने फिर साजिश की



सीट बंटवारे के बाद राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सभी से क्षमा चाहता हूं। आपके मन के अनुकूल सीटों की संख्या नहीं हो पाई। मैं समझ रहा हूं, इस निर्णय से अपनी पार्टी के उम्मीदवार होने की इच्छा रखने वाले साथियों सहित हजारों-लाखों लोगों का मन दुखी होगा। उन्होंने कहा कि आज बादलों ने फिर साजिश की है। जहां मेरा घर था, वहीं बारिश भी की है। कुशवाह ने सीट बंटवारे का फैसला लेने वाले को संदेश देते हुए लिखा कि अगर फलक को जिद है बिजलियां गिराने की, तो हमें भी जिद है वहीं पर आशियाना बसाने की।

### कुम्हरार से नहीं लड़ेंगे अरुण सिन्हा चुनाव



पटना जिले के कुम्हरार विधानसभा सीट से लगातार चार बार जीत हासिल करने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता अरुण कुमार सिन्हा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि मैं आगामी विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी के रूप में चुनाव नहीं लड़ूंगा लेकिन संगठन के लिए कार्य करता रहूंगा। सूत्रों की मानें तो चुनाव समिति की बैठक में उनके नाम कटने की बात पर चर्चा हुई थी। कारण उनकी उम्र सीमा थी। इस सीट पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिहार सरकार में मंत्री मंगल पांडेय के नाम की चर्चा चल रही है।

### लोजपा उपाध्यक्ष रविशंकर का इस्तीफा



लोजपा (रामविलास) के प्रदेश उपाध्यक्ष रविशंकर सिंह अशोक ने पार्टी की सदस्यता व पद दोनों से त्यागपत्र दे दिया। इसके साथ ही उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थकों ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना त्यागपत्र प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी को भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि यदि कोई पार्टी उन्हें चुनाव लड़ने के लिए टिकट देती है तो वह सूर्यगढ़ा विधानसभा क्षेत्र का सम्मान होगा, अन्यथा स्वतंत्र रूप से चुनाव मैदान में उतरेंगे। उन्होंने 17 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करने की भी घोषणा की।

#### राहुल-तेजस्वी की मीटिंग में तय हुआ फॉर्मूला, जल्द होगी घोषणा

# महागठबंधन में सीट को लेकर सस्पेंस खत्म, राजद को 134 कांग्रेस को 54 सीटें!

### सीट बंटवारे से पहले विवाद भी, घोसी पर भाकपा माले ने उतारा कैंडिडेट




**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन (इंडिया गठबंधन) की सीट शेयरिंग को भी लेकर सस्पेंस खत्म हो गया। सूत्रों के मुताबिक, राजधानी दिल्ली में दो दिन चली बैठकों के दौर के बाद सीटों का बंटवारा फाइनल हो गया है। तेजस्वी मंगलवार शाम तक महागठबंधन के अन्य घटक दलों के नेताओं के साथ मिलकर सीट शेयरिंग की आधिकारिक घोषणा करेंगे। महागठबंधन के अंदर सीटों का जो फॉर्मूला तय हुआ है, उसके मुताबिक आरजेडी को सबसे बड़ा हिस्सा मिला है- यानी 134 सीटें। जबकि कांग्रेस को 54, वीआईपी (विकासशील इंसान पार्टी) को 18, सीपीआई (एमएल) को 22, सीपीआई को 4, सीपीएम को 6, झारखंड मुक्ति मोर्चा को 2, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी को 3 और इंडियन इंक्लूसिव पार्टी को 2 सीटें मिलने की बात सामने आई है।

#### लेफ्ट ने उम्मीदवारों को सिंबल देना शुरू किया

दूसरी तरफ सीट शेयरिंग से पहले लेफ्ट ने सीटों पर उम्मीदवारों को सिंबल देना शुरू कर दिया है। घोसी से रामबली यादव, तरारी से मदन सिंह चंद्रवंशी और पटना के दीघा से दिव्या गौतम, अगिआंव से शिव प्रकाश रंजन, आरा से क्यामुद्दीन अंसारी को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, राजद ने भी नामांकन शुरू करने के लिए उम्मीदवारों को निर्देश दिया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पांडेय ने कहा, अभी तक सीटों का बंटवारा नहीं हुआ है। इससे महागठबंधन के कार्यकर्ताओं में मायूसी छाई है।

#### पारस व झामुमो ने दी गठबंधन छोड़ने की धमकी!

पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस की पार्टी रालोजपा ने महागठबंधन को अलविदा कहने की धमकी दी है। पारस ने कहा कि ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम और चंद्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी उनके संपर्क में है। जल्दी ही वे दोनों से गठबंधन पर बातचीत की दिशा में आगे बढ़ेंगे। वहीं, महागठबंधन में सीटों के बंटवारे में हो रही देरी से नाराज झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी 12 सीटों पर उम्मीदवार उतारने की धमकी दी है।

#### जनसुराज की दूसरी सूची जारी, 65 सीटों पर उतारे प्रत्याशी

### प्रशांत किशोर बोले- अति पिछड़ा समाज को दिए सर्वाधिक 70 टिकट



जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर नेचुनाव को लेकर अपनी दूसरी सूची जारी कर दी है। उन्होंने कहा कि हमने पहले ही कहा था कि समाज में जिसकी जितनी हिस्सेदारी है, उन्हें उतनी ही हिस्सेदारी मिलेगी। बिहार में अतिपिछड़ा समाज के लोगों की संख्या सबसे अधिक है। इसीलिए हमलोगों ने अब तक एक तिहाई सीटों पर इन्हें ही टिकट दिया है। दूसरी सूची में 65 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की गई है। इससे पहले 51 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की गई थी। अब तक 116 प्रत्याशी के नाम की घोषणा की गई है। इसमें सबसे अधिक संख्या 70 सीट अतिपिछड़ा समाज के लोगों की है। पीके ने कहा कि बिहार के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है जब किसी राजनीतिक दल ने इतने अधिक संख्या में अतिपिछड़ों को टिकट दिया है।

## खबर संक्षेप

### सुप्रीम कोर्ट से नेहा राठौर को राहत नहीं



**नई दिल्ली।** लोकगायिका और एक्टिविस्ट नेहा सिंह राठौर को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सोमवार को शीर्ष अदालत ने उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने से इनकार करते हुए साफ कहा कि जाओ और ट्रायल फेस करो। कोर्ट ने कहा कि वह इस वक्त किसी भी तरह का हस्तक्षेप नहीं करेगी और न ही केस के मेरिट पर कोई राय दे रही है।

### सोनिया ने वीरभद्र की प्रतिमा का किया अनावरण



**शिमला।** हिमाचल के छह बार के सीएम रहे स्व. वीरभद्र सिंह की रिज पर लगी प्रतिमा का कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अनावरण किया। सोनिया ने रिमोट का बटन दबाकर प्रतिमा के सामने लगा पर्दा हटाया। इस अवसर पर सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू और कांग्रेस महासचिव सांसद प्रियंका गांधी भी उपस्थित थीं।

### धर्मांतरण केस यूएस नागरिक को झटका

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को अमेरिकी नागरिक जेम्स लियोनार्ड वॉटसन की गिरफ्तारी को 'अवैध' घोषित करने की मांग वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया। वॉटसन ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध घोषित करते हुए न्यायिक हिरासत से रिहाई की मांग की थी।

## दुर्गापुर दुष्कर्म मामला: पीड़िता के परिवार से मिलेगा ओडिशा महिला आयोग

# दो और आरोपी गिरफ्तार, अब तक 5 अरेस्ट
# दुष्कर्म को सही ठहराना बंद करें ममता: भाजपा

दुर्गापुर में एक मेडिकल छात्रा के साथ कथित दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार तीन आरोपियों को एक स्थानीय अदालत ने 10 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया

एजेंसी ▸▸ दुर्गापुर

आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस आयुक्तालय ने बताया कि पश्चिम बंगाल पुलिस ने कथित दुर्गापुर सामूहिक दुष्कर्म मामले में चौथे और पांचवें आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इससे पहले कथित सामूहिक दुष्कर्म के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। इससे पहले रविवार को, पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एक मेडिकल छात्रा के साथ कथित दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार तीन आरोपियों को एक स्थानीय अदालत ने 10 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया था।

बता दें कि, ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली छात्रा के साथ दुर्गापुर में कुछ लोगों ने दुष्कर्म किया। यह घटना शोभापुर के पास स्थित मेडिकल कॉलेज परिसर में हुई। छात्रा रात में अपने एक पुरुष मित्र के साथ कॉलेज कैंपस के बाहर खाना खाने गई थी। इस दौरान कैंपस गेट के पास ही एक आरोपी ने उसे जबरन पीछे के सुनसान इलाके में खींच लिया और दुष्कर्म किया। इसके बाद बाकी आरोपियों ने भी घिनौने कृत्य को अंजाम दिया।

ओडिशा के सीएम ने लड़की के पिता और प्रशासन से बात की

तीन सदस्यीय टीम पुलिस अधिकारियों से भी करेगी मुलाकात



#### राज्य सरकार को सौंपेंगे सिफारिश: मोहंती



ओडिशा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष सोवाना मोहंती के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम सोमवार को दुर्गापुर का दौरा करेगी और पीड़िता के परिवार से मुलाकात करेगी। उन्होंने बताया कि हम पीड़िता के स्वास्थ्य की जांच करेंगे और उसके माता-पिता से मिलेंगे। सरकार से उसके इलाज, उसके मानसिक स्वास्थ्य और उचित जांच हो रही है या नहीं, इस बारे में पूछताछ करने के बाद हम अपनी सिफारिशें राज्य सरकार को सौंपेंगे। हम मामले की त्वरित सुनवाई के बारे में भी पूछताछ करेंगे। उन्होंने बताया कि ओडिशा के सीएम ने लड़की के पिता और प्रशासन से बात की है।

#### कोई भी कानून से ऊपर नहीं: बिजियानी सिंह

ओडिशा राज्य महिला आयोग की वरिष्ठ क्षेत्रीय अधिकारी और सलाहकार, बिजियानी सिंह ने कहा कि तीन सदस्यीय टीम मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों से भी मिल सकती है। हम उसके स्वास्थ्य और चल रही जांच के बारे में पूछताछ करेंगे। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि उसे उचित इलाज मिले। हम पश्चिम बंगाल के पुलिस अधिकारियों से भी मिल सकते हैं। हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश करेंगे कि उसे न्याय मिले, और कोई भी कानून से ऊपर नहीं है।

#### भाजपा गलत बयानबाजी कर रही: कुणाल घोष



टीएमसी के नेता कुणाल घोष ने कहा कि भाजपा सीएम ममता बेनर्जी के बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं। उन्होंने कभी नहीं कहा कि महिलाओं को रात में बाहर नहीं जाना चाहिए। वह कहना चाहती थीं कि महिला जब चाहे और जहां चाहे जा सकती।

#### दबाव बना रही ममता सरकार: सुवेंदु



नेता प्रतिपक्ष और भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि तृणमूल हटाओ, बेटी बचाओ, यह बंगाल में हर जगह मुख्य नारा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन बोलो हम दबाव में हैं, आखिर किसका दबाव? ममता बेनर्जी का दबाव, ममता की पुलिस का दबाव या ममता के गुंडों का दबाव।

#### बंगाल देश का सबसे असुरक्षित राज्य: चुघ



भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि ममता बनर्जी का बयान पीड़ादायक, दुर्भाग्यपूर्ण और अपमानजनक है। लड़कियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बजाय, ममता सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है। संदेशखली हो, आरजी कर हो या अब दुर्गापुर। एनसीआरबी के आंकड़ों ने साबित कर दिया है कि बंगाल देश का सबसे असुरक्षित राज्य है।

#### टीएमसी पिछड़ी सोच का पर्याय बनी: स्वराज



भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि सीएम ममता बेनर्जी दुष्कर्म को सही ठहरा रही हैं। बंगाल की टीएमसी सरकार पिछड़ी सोच का पर्याय बन गई है।

#### ट्रंप ने फिर खुद को बताया शांतिदूत

## 200% टैरिफ की धमकी से रुका भारत-पाक संघर्ष : ट्रंप

भारत पहले ही साफ शब्दों में कह चुका कि संघर्षविराम पूरी तरह से द्विपक्षीय था।



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

किसी के कहने से नहीं रुकूंगा, दुनिया में शांतिदूत तो मैं बनकर ही रहूंगा। यह पंक्ति दुनिया के किसी अन्य राष्ट्राध्यक्ष पर नहीं बल्कि हाल ही में नोबेल शांति पुरस्कार पाने से चूके अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर बिलकुल सटीक बैठती हुई नजर आती है। उनका एक ताजा तरीन बयान भी इससे मिलता-जुलता है, जिसमें ट्रंप ने एक बार फिर से न केवल भारत और पाकिस्तान के बीच 7 से 10 मई तक चले सैन्य संघर्ष को रुकवाने यानी संघर्षविराम कराने का श्रेय लिया है। बल्कि इसे संभव बनाने के लिए दोनों देशों को 200 फीसदी तक टैरिफ लगाने की धमकी देने का एक बेहद चौंकाने वाला दावा भी किया है। उन्होंने कहा, मैं भारत और पाक सहित कुल आठ संघर्षों को सुलझा चुका हूं।

#### एयरफोर्स वन विमान में पत्रकारों से वार्ता में दावा

अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह जानकारी अमेरिका से मिस्र के लिए निकलते वक्त एयरफोर्स वन विमान में पत्रकारों से बातचीत में दी है। जिसमें उन्होंने कहा कि मैंने टैरिफ के दम पर कई देशों के बीच संघर्षविराम कराया है। भारत-पाकिस्तान की ही मिसाल देख लीजिए। मैंने दोनों देशों से कहा कि अगर आप यूं ही लड़ते रहेंगे, आपके पास परमाणु हथियार भी हैं तो मैं आप पर 100, 150 और 200 फीसदी तक टैरिफ लगा दूंगा। यह सब मैंने हालांकि नोबेल पुरस्कार के लिए नहीं किया है। बल्कि जिंदगियां बचाने के लिए किया है। यहां बता दें कि ये पहला मौका नहीं है जब डोनाल्ड ट्रंप ने भारत-पाक संघर्षविराम को लेकर श्रेय लेने की कोशिश की है। इससे पहले भी वो दर्जनों बार ऐसा कर चुके हैं।

### संघ शिविर में दिखे खरगे, फोटो जारी



आरएसएस पर बैन की मांग के बाद कर्नाटक भाजपा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की पुरानी फोटो शेयर की। इसमें वे 2002 में बेंगलुरु के नागवारा में आरएसएस के एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे, जब वे राज्य के गृह मंत्री थे। भाजपा ने लिखा कि प्रियांक कह रहे हैं कि संघ की गतिविधियां जहर फैलाती हैं इसलिए बैन लगाना चाहिए। लेकिन क्या आप भूल गए हैं कि 2002 में आपके पिता मल्लिकार्जुन खड़गे ने संघ के शिविर का दौरा किया था।

#### वेणुगोपाल ने पटका पहनाया

## पूर्व आईएएस गोपीनाथन कांग्रेस में शामिल हुए

**नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)।** देश में लोकतांत्रिक मूल्यों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साहसी पैरोकार के रूप में पहचाने जाने वाले पूर्व आईएएस अधिकारी कन्नन गोपीनाथन सोमवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। नई दिल्ली स्थिति कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पटका पहनाकर उन्हें पार्टी में विधिवत रूप से शामिल कराया। इस अवसर पर मीडिया एवं प्रचार विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा, एनएसयूआई प्रभारी कन्हैया कुमार, कांग्रेस सांसद शशिकांत सेंथिल, विधायक जिग्नेश मेवाणी भी उपस्थित रहे। गोपीनाथन का स्वागत करते हुए केसी वेणुगोपाल ने कहा कि उनका कांग्रेस में शामिल होना स्पष्ट संदेश है कि यह एकमात्र ऐसी पार्टी है जो न्याय के लिए लड़ रही है। वेणुगोपाल ने बताया कि गोपीनाथन ने 2019 में इस्तीफा दे दिया था, लेकिन उनका इस्तीफा अभी तक स्वीकार नहीं किया गया है।

#### रक्षा मंत्रालय ने शुरू की खरीद प्रक्रिया

## दुश्मन के स्टेल्थ विमानों को पकड़ेगा वीएचएफ रडार

**नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद सरहदी इलाकों में सामरिक क्षमता को मजबूत बनाने में लगी वायुसेना के लिए एक अच्छी खबर है। जिसके तहत रक्षा मंत्रालय ने बल के कुल 9 वीएचएफ रडार की खरीद प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है। इसके लिए जरूरी सूचना संबंधी निवेदन यानी आरएफआई जारी कर दी है। सूत्रों ने बताया कि वर्तमान में कई जगहों पर भौगोलिक परिस्थितियों की चुनौती के साथ ही लंबी दूरी के रडार तैनात नहीं किए जा सकते हैं। वहीं, वायुसेना के पास मौजूद रडार की एक निश्चित सीमा तक की ही उपयोगिता है। आरएफआई विक्रेता उत्पाद के बारे तकनीकी जानकारी के अपना पक्ष रखेंगे। जिस पर मंत्रालय द्वारा आगामी समय में विचार विमर्श किया जाएगा। वहीं, वायुसेना की एक टुकड़ी सोमवार को स्पेन की वायुसेना के साथ 15 से 31 अक्तूबर तक चलने वाले ओशन स्काई युद्ध अभ्यास में भाग लेने के लिए रवाना हो गई है। इसमें वायुसेना के सुखोई-30 लड़ाकू विमान भाग लेंगे।

# वोट चोरी के आरोपों को सुप्रीम कोर्ट ने बताया बेबुनियाद, एसआईटी जांच की याचिका खारिज

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा लगाए गए वोट चोरी के आरोपों की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने इस मामले को "बेबुनियाद" करार देते हुए याचिका को रद्द कर दिया। इससे पहले, मद्रास उच्च न्यायालय ने भी इसी तरह की एक याचिका को खारिज करते हुए याचिकाकर्ता पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि वोट चोरी के आरोपों में कोई ठोस आधार नहीं है और इस तरह की याचिकाएं न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग हैं। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को फटकार लगाते हुए कहा कि बिना पुख्ता सबूतों के इस तरह के गंभीर आरोप लगाना उचित नहीं है। यह याचिका राहुल गांधी के उस बयान से संबंधित थी जिसमें उन्होंने दावा किया था कि हाल के चुनावों में वोटों की हेराफेरी की गई थी।

### बिहार की अंतिम मतदाता सूची में सुधार पर ज़ीरो अपील

#### हंगामा खड़ा करने, एसआईटी की मांग करने वाले नेता चुनाव आयोग से आपत्ति दर्ज क्यों नहीं करा रहे?

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनावों से पहले तैयार की गई अंतिम मतदाता सूची में अब तक कोई त्रुटि या आपत्ति दर्ज नहीं की गई है। चुनाव आयोग के अनुसार, 12 अक्तूबर तक एक भी अपील (ज़ीरो अपील) सामने नहीं आई है। बाकायदा एक्स पर पोस्ट कर चुनाव आयोग ने लिखा है, "बिहार राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान, 2025 के दौरान सभी 243 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा निर्वाचक सूची में नाम जोड़ने एवं विलोपन के संबंध में, दिनांक 12.10.2025 तक लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 24(क) के तहत जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष कोई अपील प्राप्त नहीं हुई है।" चुनाव आयोग के अधिकारियों का कहना है कि यह स्थिति बताती है कि संपूर्ण पुनरीक्षण और त्रुटि-सुधार प्रक्रिया प्रभावी रही है। आमतौर पर हर वर्ष मतदाता सूची में नाम, पते की गलती, मृत मतदाताओं के नाम शामिल होने या दोहरी प्रविष्टियों जैसी शिकायतें आती हैं, लेकिन इस बार किसी भी राजनीतिक दल, प्रत्याशी या मतदाता ने औपचारिक रूप से आपत्ति दर्ज नहीं कराई। चुनाव आयोग का दावा है कि बिहार मतदाता सूची के पुनरीक्षण में विशेष ध्यान दिया गया था।

#### सभी अपनी-अपनी भूमिका निभाते हैं

## युद्ध केवल सशस्त्र बल नहीं बल्कि पूरा देश लड़ता : सीडीएस

**ग्वालियर (मध्यप्रदेश)।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने सोमवार को कहा कि मई में पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' ने निर्णय लेने और युद्ध का समय तय करने को लेकर एक नये विचार को आकार दिया। उन्होंने साथ ही कहा कि युद्ध केवल सशस्त्र बलों द्वारा नहीं लड़ा जाता, बल्कि इसे पूरा देश लड़ता है। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल चौहान ने कहा कि राजनीतिक नेतृत्व, राजनयिक और सैनिक सभी युद्ध के समय अपनी-अपनी भूमिका निभाते हैं। जनरल चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद एक नया सामान्य (न्यू नॉर्मल) माहौल पैदा हुआ है, जिसमें साफ है कि अब बात और आंतक एक साथ नहीं चल सकते और देश परमाणु आक्रमण की धमकी भी सहन नहीं कर सकता। उन्होंने ग्वालियर में सिंधिया स्कूल के 128वें स्थापना दिवस समारोह में छात्रों को संबोधित किया।

## नीट यूजी उम्मीदवारों के लिए बड़ी खुशखबरी, मिलेंगे ज्यादा मौके

# मेडिकल काउंसिल ने जोड़ीं 9 हजार से ज्यादा सीटें

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नीट यूजी (नीट यूजी) की एमबीबीएस सीटों की संख्या में बदलाव किया है। 10 अक्टूबर तक के नए आंकड़ों के अनुसार, अब पूरे भारत में कुल 1,26,600 एमबीबीएस सीटें उपलब्ध हैं। इस संख्या में पुरानी सीटों के नवीनीकरण के साथ-साथ इस सत्र के लिए नई मंजूरी मिली सीटें भी शामिल हैं। शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में, एनएमसी द्वारा एम्स और जिपमर के अंदर आने वाली सीटों को छोड़कर, पूरे भारत में कुल 9,075 नई एमबीबीएस सीटों को मंजूरी दी गई थी। विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में सीटों की स्वीकृति की स्थिति में उतार-चढ़ाव के कारण नीट यूजी 2025 सीट मैट्रिक्स में पूरे वर्ष कई संशोधन हुए हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों की नई संख्या को ध्यान से देखें और एनएमसी (एनएमसी) द्वारा जारी किए गए बदले हुए कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ें।

# मंत्री पटेल ने प्रधानमंत्री मोदी को भेंट की अपनी पुस्तक

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ भाजपा नेता और मप्र सरकार में श्रम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सौजन्य भेंट की। मंत्री पटेल ने प्रधानमंत्री मोदी को अपनी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक साधना का प्रतीक, मां नर्मदा परिक्रमा के अनुभवों और अनुभूतियों पर संदर्भित पुस्तक 'परिक्रमा-कृपा सार' भेंट की। इसके साथ ही 108 नदियों के उद्गम स्थलों से संकलित पवित्र जल



का संग्रह भी एक विशेष अखरोट के डिब्बे में अर्पित किया। मंत्री पटेल ने बताया कि यह पुस्तक उनके दो वर्षों के गहन श्रम और साधना का परिणाम है। उन्होंने दो बार नर्मदा परिक्रमा की है। उसी अनुभव, आस्था व तपस्या को इस पुस्तक में समर्पित भाव से संजोया है। यह ग्रंथ न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि भारतीय संस्कृति में नदियों और परिक्रमा की परंपरा का भी जीवंत दस्तावेज है। पीएम मोदी ने मंत्री पटेल के इस आध्यात्मिक प्रयास की सराहना की और उनके समर्पण को प्रेरणास्पद बताया। भेंट के दौरान मंत्री पटेल ने पीएम को अंगवस्त्र और पुष्प देकर स्वागत किया तथा अपनी पुस्तक की भावना और उद्देश्य से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि 'परिक्रमा कृपा सार' केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि मातृ नर्मदा और भारत की जलसंस्कृति के प्रति श्रद्धा का साकार रूप है। पुस्तक का विमोचन 14 सितंबर,2025 को 'हिंदी दिवस' पर इंदौर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने किया था। अब प्रधानमंत्री को इस ग्रंथ का भेंट किया जाना; इसे राष्ट्रीयस्तर पर एक नई पहचान देता है। मंत्री पटेल ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा...प्रधानमंत्री से भेंट कर 'परिक्रमा-कृपासार' और 108 नदियों के जल का संग्रह भेंट किया। यह मेरे दो वर्षों की तपस्या है। प्रधानमंत्री के स्नेह और समय के लिए आभार। यह मुलाकात सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि श्रद्धा, संस्कृति और समर्पण की भावनाओं से ओतप्रोत एक आध्यात्मिक संगम बन गई।

# त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2025

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

### उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 15.11.25 तक |
| 02251 | पटना जं. | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगलवार, बृहस्पतिवार, रविवार | 16.11.25 तक |
| 02253 | पटना जं. (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | सप्ताह में तीन दिन | शनिवार, सोमवार, बुधवार | 17.11.25 तक |
| 02254 | नई दिल्ली | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | | रविवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार | 16.11.25 तक |
| 04203 | लखनऊ | 08:05 | नई दिल्ली | 18:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 04204 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ | 06:35 | | | |
| 04008 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:30 | जोगबनी | 17:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04007 | जोगबनी | 18:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04010 | दिल्ली जं. | 23:05 | सीतामढ़ी | 22:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04009 | सीतामढ़ी | 23:55 | दिल्ली जं. | 23:58 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर जं. | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04060 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 09:00 | जयनगर | 07:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04059 | जयनगर | 10:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:40 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04070 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 19:00 | | | |
| 04064 | दिल्ली जं. | 11:00 | भागलपुर | 10:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 04063 | भागलपुर | 13:40 | दिल्ली जं. | 15:30 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | |
| 04219 | शाहगंज | 22:35 | अयोध्या धाम | 01:40 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम | 02:10 | शाहगंज | 04:40 | | | |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा जं. | 16:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04449 | दरभंगा जं. | 18:15 | नई दिल्ली | 23:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी जं. | 23:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04453 | मानसी जं. | 01:10 | नई दिल्ली | 03:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद जं. | 02:20 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04455 | धनबाद जं. | 04:00 | नई दिल्ली | 06:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04458 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04457 | भागलपुर | 18:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 22:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04016 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04015 | सीतामढ़ी | 16:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 18:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 19.12.2025 तक |
| 04451 | हावड़ा जं. | 23:50 | नई दिल्ली | 04:10 | | | 20.12.2025 तक |
| 04094 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04093 | पटना जं. | 07:45 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 00:45 | | | 30.11.2025 तक |
| 04096 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04095 | पाटलिपुत्र | 00:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 21:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड जं. | 12:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04097 | हसनपुर रोड जं. | 15:00 | नई दिल्ली | 18:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 02877 | रांची जं. | 23:55 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 17.10.25 से 31.10.25 |
| 02878 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 04:00 | रांची जं. | 05:00 | | रविवार | 19.10.25 से 02.11.25 |
| 04504 | चंडीगढ़ जं. | 23:35 | पटना जं. | 21:00 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04503 | पटना जं. | 23:00 | चंडीगढ़ जं. | 23:10 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जं. | 09:40 | छपरा जं. | 09:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04607 | छपरा जं. | 12:00 | अमृतसर जं. | 13:30 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05314 | गोमती नगर | 00:15 | महबूबनगर | 19:10 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05313 | महबूबनगर | 22:10 | गोमती नगर | 15:00 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05017 | मऊ जं. | 05:30 | उधना जं. | 12:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05018 | उधना जं. | 15:00 | मऊ जं. | 22:30 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05115 | छपरा जं. | 17:45 | उधना जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05116 | उधना जं. | 10:00 | छपरा जं. | 23:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जं. | 21:00 | अमृतसर जं. | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जं. | 13:25 | कटिहार जं. | 23:45 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 04090 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04089 | पटना जं. | 18:20 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:50 | | | 30.11.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जं. | 06:25 | लखनऊ | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ | 16:30 | वाराणसी जं. | 21:50 | | | |
| 04221 | वाराणसी जं. | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04222 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी जं. | 18:00 | | बुधवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04224 | वाराणसी जं. | 14:50 | चण्डीगढ़ | 08:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोम, बुध, शुक्र | 28.11.2025 तक |
| 04223 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं. | 04:00 | | मंगल, बृहस्पति, शनि | 29.11.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 07:00 | गोमती नगर | 07:15 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05741 | गोमती नगर | 09:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:25 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05734 | किशनगंज | 09:10 | अमृतसर जं. | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 05733 | अमृतसर जं. | 04:25 | किशनगंज | 17:30 | | शनिवार | 15.11.2025 तक |
| 05325 | गोमती नगर | 00:15 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 05:50 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05326 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 07:55 | गोमती नगर | 10:45 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05023 | गोमती नगर | 23:55 | खातीपुरा | 17:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05024 | खातीपुरा | 18:50 | गोमती नगर | 11:45 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 04195 | आगरा कैंट | 05:00 | जोगबनी | 18:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04196 | जोगबनी | 21:00 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08763 | दुर्ग जं. | 07:20 | सुलतानपुर जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08764 | सुलतानपुर जं. | 10:00 | दुर्ग जं. | 12:50 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01491 | पुणे जं. | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 20:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 01492 | हज़रत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे जं. | 23:55 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 22:30 | गोरखपुर जं. | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01080 | गोरखपुर जं. | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 00:40 | | | 02.12.2025 तक |
| 03107 | कोलकाता | 23:55 | लखनऊ | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 06.11.2025 तक |
| 03108 | लखनऊ | 01:40 | कोलकाता | 00:40 | | शनिवार | 08.11.2025 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार (ट.) | 13:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 03436 | आनंद विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 21:05 | | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 02391 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02392 | आनंद विहार (ट.) | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09083 | मुंबई सेंट्रल | 23:10 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09084 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 09111 | वडोदरा जं. | 19:00 | गोरखपुर जं. | 23:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09112 | गोरखपुर जं. | 05:00 | वडोदरा जं. | 08:00 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बड़गाम | 20:20 | सप्ताह में छः दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 02.12.2025 तक |
| 04688 | बड़गाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | |
| 09639 | मदार जं. | 04:30 | रोहतक जं. | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 09640 | रोहतक जं. | 13:20 | मदार जं. | 22:35 | | | |
| 09523 | ओखा | 10:00 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 09524 | शकूर बस्ती | 13:15 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 01415 | पुणे जं. | 06:50 | गोरखपुर जं. | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01416 | गोरखपुर जं. | 17:30 | पुणे जं. | 03:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 05301 | मऊ जं. | 04:00 | अंबाला छावनी जं. | 00:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 05302 | अंबाला छावनी जं. | 01:40 | मऊ जं. | 22:00 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05005 | बढ़नी | 15:10 | अमृतसर | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 05006 | अमृतसर | 12:45 | बढ़नी | 08:15 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01707 | जबलपुर | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 12:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 01708 | आनंद विहार (ट.) | 13:45 | जबलपुर | 09:30 | | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 01431 | पुणे जं. | 06:40 | गाजीपुर सिटी | 19:40 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, मंगलवार | 28.11.2025 तक |
| 01432 | गाजीपुर सिटी | 22:40 | पुणे जं. | 16:20 | | शनिवार, बुधवार | 29.11.2025 तक |
| 01123 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | मऊ जं. | 05:35 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01124 | मऊ जं. | 07:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 22:20 | | रविवार, मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 01051 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | बनारस | 01:10 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01052 | बनारस | 06:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:40 | | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09061 | बांद्रा (ट.) | 21:20 | बरौनी जं. | 19:15 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 09062 | बरौनी जं. | 12:15 | बांद्रा (ट.) | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 09257 | भावनगर | 13:50 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 09258 | शकूर बस्ती | 13:15 | भावनगर | 10:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02417 | प्रयागराज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | प्रयागराज | 19:40 | | शनिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 02275 | सूबेदारगंज | 21:40 | दिल्ली जं. | 08:55 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 02276 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:35 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05047 | बनारस | 10:45 | कोलकाता | 05:25 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05048 | कोलकाता | 08:25 | बनारस | 04:15 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जं. | 17:00 | हजरत निज़ामुद्दीन | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09310 | हजरत निज़ामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं. | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 09095 | बांद्रा (ट.) | 11:00 | अयोध्या कैंट | 17:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 19.11.2025 तक |
| 09096 | अयोध्या कैंट | 21:00 | बांद्रा (ट.) | 06:00 | | बृहस्पतिवार | 20.11.2025 तक |
| 09097 | बांद्रा (ट.) | 21:50 | लुधियाना जं. | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09098 | लुधियाना जं. | 04:00 | बांद्रा (ट.) | 10:20 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07095 | चर्लपल्ली | 07:40 | हज़रत निजामुद्दीन | 16:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, बृहस्पतिवार | 16.10.25 तक |
| 07096 | हज़रत निजामुद्दीन | 19:00 | चर्लपल्ली | 04:00 | | बुधवार, शुक्रवार | 17.10.25 तक |
| 03255 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:35 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बृहस्पतिवार | अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | | सोमवार, शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जं. | 22:45 | दिल्ली जं. | 12:50 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जं. | 14:00 | गोरखपुर जं. | 06:25 | | शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05219 | मुज़फ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट.) | 10:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 18.10.25 से 29.11.25 |
| 05220 | आनंद विहार (ट.) | 12:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 09:45 | | रविवार | 19.10.25 से 30.11.25 |
| 03697 | गया जं. | 14:15 | दिल्ली जं. | 07:45 | सप्ताह में पाँच दिन | रवि, बृहस्पति को छोड़कर | 29.11.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | | सोम, शुक्र को छोड़कर | 30.11.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जं. | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जं. | 09:00 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05579 | पूर्णियाँ कोर्ट | 16:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | सप्ताह में चार दिन | सोम, मंगल, शुक्र, रवि | 15.12.2025 तक |
| 05580 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | पूर्णियाँ कोर्ट | 13:45 | | बुध, बृहस्पति, शुक्र, रवि | 17.12.2025 तक |
| 05575 | सहरसा जं. | 20:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 10.12.2025 तक |
| 05576 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | | मंगलवार | 16.12.2025 तक |
| 01493 | पुणे जं. | 17:30 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 01494 | हज़रत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे जं. | 23:55 | | मंगलवार, शुक्रवार | 14.11.2025 तक |
| 04312 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | सियालदह | 23:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 15.11.25 तक |
| 04311 | सियालदह | 05:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 12:00 | | सोमवार | 17.11.25 तक |
| 04314 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 11:20 | सप्ताह में दो दिन | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.25 तक |
| 04313 | मुज़फ्फरपुर जं. | 14:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:15 | | शुक्रवार, सोमवार | 01.12.25 तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | अगले आदेश तक (20.10.25 को निरस्त) |
| 05306 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | | बुधवार, शनिवार | अगले आदेश तक (22.10.25 को निरस्त) |
| 05625 | कामाख्या | 22:00 | रोहतक | 14:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 05626 | रोहतक | 22:10 | कामाख्या | 15:30 | | रविवार | 09.11.2025 तक |
| 02397 | गया जं. | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.25 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट.) | 08:20 | गया जं. | 00:30 | | सोमवार | 01.12.25 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 29.11.25 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.25 तक |
| 03309 | धनबाद जं. | 10:10 | दिल्ली जं. | 09:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 29.11.25 तक |
| 03310 | दिल्ली जं. | 11:45 | धनबाद जं. | 13:00 | | बुधवार, रविवार | 30.11.25 तक |
| 03639 | गया जं. | 22:00 | दिल्ली जं. | 17:00 | सप्ताह में तीन दिन | रवि, मंगल, बृहस्पति | 30.11.25 तक |
| 03640 | दिल्ली जं. | 19:00 | गया जं. | 11:30 | | सोम, बुध, शुक्र | 01.12.25 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | आनंद विहार (ट.) | 13:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.25 तक |
| 03222 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | राजगीर | 16:45 | | मंगलवार | 14.10.25 से 25.11.25 |
| 03223 | राजगीर | 04:05 | हरिद्वार | 05:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 26.12.25 तक |
| 03224 | हरिद्वार | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 27.12.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्लि जं. | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्लि जं. | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 06597 | यशवंतपुर जं. | 07:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 10:20 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 06598 | योग नगरी ऋषिकेश | 17:55 | यशवंतपुर जं. | 19:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08760 | दुर्ग | 10:45 | हज़रत निजामुद्दीन | 11:10 | साप्ताहिक | रविवार | 23.11.2025 तक |
| 08761 | हज़रत निजामुद्दीन | 12:30 | दुर्ग | 15:00 | | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हज़रत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 07024 | हज़रत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01483 | पुणे जं. | 17:30 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01484 | हज़रत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे जं. | 23:55 | | बुधवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04123 | प्रयागराज जं. | 14:50 | हज़रत निजामुद्दीन | 11:35 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 15.10.25 से 02.11.25 |
| 04124 | हज़रत निजामुद्दीन | 15:45 | प्रयागराज जं. | 09:10 | | वीरवार, सोमवार | 16.10.25 से 03.11.25 |
| 09003 | मुम्बई सेन्ट्रल | 10:30 | शकूर बस्ती | 08:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 15.10.25 से 31.10.25 |
| 09004 | शकूर बस्ती | 10:15 | मुम्बई सेन्ट्रल | 10:30 | | | 16.10.25 से 01.11.25 |
| 09425 | साबरमती जं. | 08:50 | हरिद्वार जं. | 05:30 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 15.10.25 से 29.11.25 |
| 09426 | हरिद्वार जं. | 21:40 | साबरमती जं. | 21:30 | | वीरवार, रविवार | 16.10.25 से 30.11.25 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# ऑस्ट्राहिंद 2025: भारत और ऑस्ट्रेलिया की सेनाओं ने रेगिस्तान में शुरू किया युद्धाभ्यास

## भारतीय सेना का 120 सदस्यीय दल ऑस्ट्रेलिया पहुंचा, भव्य स्वागत हुआ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रक्षा सहयोग को और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारतीय सेना का 120 सदस्यीय दल ऑस्ट्रेलिया पहुंचा। भारतीय उच्चायोग, ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय सेना के इन जवानों का गर्मजोशी से स्वागत किया। भारतीय सेना के इस दल सोमवार से संयुक्त सैन्य अभ्यास 'ऑस्ट्राहिंद 2025' प्रारंभ किया है। यह अभ्यास 26 अक्टूबर तक जारी रहेगा। बता दें कि कि बीते दिनों रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया।

वहीं इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल साइमन स्टुअर्ट भारत की आधिकारिक यात्रा पर थे। ऑस्ट्रेलियाई सेना प्रमुख ने यहां भारतीय सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी और रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की थी। यह अभ्यास भारत और ऑस्ट्रेलिया की सेनाओं के बीच आपसी समझ, तालमेल और सग को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा और दोनों देशों के सैनिकों के बीच सौहार्द, आपसी विश्वास व मित्रता को भी और गहरा करेगा। सहयोग को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

इस द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास का आयोजन हर वर्ष बारी-बारी से दोनों देशों में किया जाता है, और इस बार इसकी मेजबानी ऑस्ट्रेलियाई सेना कर रही है। सोमवार से शुरू हुए 'ऑस्ट्राहिंद 2025' का प्रमुख लक्ष्य दोनों सेनाओं के बीच संयुक्त परिचालन क्षमता को बढ़ाना है, ताकि दोनों देश आतंकवाद-रोधी अभियानों, शांति स्थापना मिशनों तथा मानवीय सहायता एवं आपदा राहत अभियानों में एक साथ मिलकर प्रभावी ढंग से काम कर सकें। यह अभ्यास भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच बढ़ते सुरक्षा और रणनीतिक संबंधों को भी दर्शाता है। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्थिरता और शांति सुनिश्चित करने के लिए दोनों देश लगातार एक-दूसरे के साथ सहयोग बढ़ा रहे हैं।

*भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बढ़ती रणनीतिक साझेदारी और साझा दृष्टिकोण का प्रतीक बना युद्धाभ्यास*

*इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्थिरता के लिए एक-दूसरे के साथ सहयोग बढ़ा रहे दोनों देश*

### रेगिस्तान में बेहद कठिन होता है युद्धाभ्यास




*रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि 'ऑस्ट्राहिंद 2025' इस दिशा में एक और मील का पत्थर साबित होगा। भारतीय सेना दल में विभिन्न हथियारों, शाखाओं और यूनिटों के अधिकारी और जवान शामिल हैं, जो इस दौरान संयुक्त प्रशिक्षण, सामरिक अभ्यास, फील्ड ऑपरेशन ड्रिल्स तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसी गतिविधियों में भाग लेंगे। ऑस्ट्रेलिया स्थित भारतीय उच्चायोग ने इस अवसर पर कहा कि यह अभ्यास रक्षा सहयोग 'एक्सरसाइज ऑस्ट्राहिंद 2025' भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बढ़ती रणनीतिक साझेदारी और साझा दृष्टिकोण का प्रतीक है, जो क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और सहयोग के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस युद्धाभ्यास के तहत बेहद कठिन माने जाने वाले रेगिस्तानी इलाकों से लेकर शहरी इलाकों जैसे हालात में दोनों देशों की सेनाएं विभिन्न सैन्य अभ्यासों को अंजाम देंगी। इस संयुक्त अभ्यास से दोनों सेनाओं की क्षमता और समन्वय में वृद्धि होगी तथा भविष्य में किसी भी आपदा या सुरक्षा चुनौती का सामना करने में उन्हें और सशक्त बनाएगा।*

## खबर संक्षेप

### भारत-यूएस ट्रेड डील पर लगेगी मुहर?



**नई दिल्ली।** प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) पर बातचीत के लिए इस सप्ताह भारत के वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम अमेरिका का दौरा करेगी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस वर्ष फरवरी में दोनों देशों के नेताओं ने अधिकारियों को इस समझौते पर बातचीत करने का निर्देश दिया था। दोनों देशों ने बीटीए के पहले चरण को नवंबर 2025 के अंत तक पूरा करने की योजना बनाई है। अब तक दोनों पक्षों के बीच पांच दौर की बात हो चुकी है।

### मेल के खेल में भारतीय मूल के 8 लोग गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** कनाडा में पुलिस ने क्रेडिट कार्ड और चेक सहित डाक चोरी के आरोप में आठ भारतीय मूल के लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए इन लोगों पर 300 से अधिक आरोप लगाए गए हैं। हिरासत में लिए गए इन लोगों में कुछ लोगों को कनाडा से निर्वासन का सामना करना पड़ सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, पील पुलिस ने संदिग्धों से 450 से ज्यादा चोरी के डाक, जैसे क्रेडिट कार्ड और चेक बरामद किए।

## हमास की कैद से छूटे 20 कैदियों ने सुनाई आपबीती

# अंधेरी सुरंग में भयानक डरावनी आवाजें भूखे-प्यासे तड़पते रहे हमास के सभी बंधक

एजेंसी ▶▶ गाजा

इजराइल और हमास में सीजफायर हो चुका है और गाजा में शांति समझौता भी लागू हो चुका है। सोमवार को हमास ने इजरायल के 20 बंधकों को रिहा किया है, जो करीब 738 दिन की कैद के बाद रिहा हुए हैं, लेकिन रिहा हुए कैदियों की हालत काफी खराब है। कोई अस्थमा का शिकार है तो कोई संक्रमण से ग्रस्त है। कोई कुपोषित है तो कोई मानसिक रूप से बीमार है। इनके परिजनों ने बताया कि जब इनके जिंदा होने का सबूत देने वाले वीडियो मिले थे, तब वे अंधेरी सुरंग में थे, जहां से भयानक डरावनी आवाजें आ रही थीं और उन्हें वहां भूखा-प्यासा रखा जाता था। बता दें कि हमास ने बंधकों को रिहा करने से पहले इनके नाम जारी किए थे और बताया था कि इन लोगों को नोवा म्यूजिक फेस्टिवल या किबुट्ज़ हमलों के दौरान बंधक बनाया गया था। हमास 28 मृत बंधकों के शव भी उनके परिजनों को सौंपेगा। 7 अक्टूबर 2023 के हमास ने 251 लोग बंधक बनाए थे। वहीं इसके बदले में इजराइल 1700 फिलिस्तीनी कैदियों और 22 नाबालिगों को बंधन मुक्त करेगा। 360 फिलिस्तीनी लड़ाकों के शव भी उनके परिजनों को लौटाएगा।

हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को 251 लोगों बंधक बनाया

28 के शव परिजनों को सौंप दिए गए

738 दिन बाद रिहा हुए कैदियों की हालत खराब



### बंधकों की सबकी अपनी व्यथा

**रोम ब्रासलाव्स्की**
21 वर्षीय रोम नोवा म्यूजिक फेस्टिवल के सिक्योरिटी गार्ड थे। अगस्त 2025 में एक वीडियो के जरिए इनके जिंदा होने का सबूत मिला था और उन्होंने बताया था कि उन्हें अंधेरी सुरंग में रखा गया है, जहां से भयानक डरावनी आवाजें आती हैं और उन्हें भूखा-प्यासा रखा जाता है।

**एवयातार डेविड**
*24 साल के डेविड को नोवा म्यूजिक फेस्टिवल से बंधक बनाया गया था। अगस्त 2025 में हमास ने जो वीडियो जारी किया थ, उसमें वे कुपोषण का शिकार नजर आए थे और उनकी हालत काफी खराब थी।*

**सेगेव कैल्फोन**
*27 साल के सेगेव को तब बंधक बनाया गया था, जब 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के दौरान दोस्त के साथ जान बचाने के लिए भाग रहा था। फरवरी 2025 में हमास की कैद से जो बंधक रिहा हुआ था, उसने सेगेव के परिजनों को बताया था कि वह जिंदा है, लेकिन उसे अंधेरी सुरंग में भयानक हालात में रखा गया है।*

**मैक्सिम हेरकिन**
37 साल के मैक्सिम रूसी मूल के नागरिक हैं और इजरायल में बसे हुए हैं, लेकिन ने नोवा म्यूजिक फेस्टिवल से बंधक बनाए गए थे। अप्रैल 2025 में हमास ने जो वीडियो जारी किया था, उसमें वे बार कुपरस्टीन के साथ दिखे थे।

**बार कुपरस्टीन**
23 साल के कुपरस्टीन को भी नोवा म्यूजिक फेस्टिवल में बंधक बनाया गया था, जबकि वह हमले में घायल लोगों की जान बचाने के लिए रुका था। अप्रैल 2025 में जिस बंधक को हमास ने रिहा किया था, उसने कुपरस्टीन के परिजनों को बताया था कि वह जिंदा है।

**एतान मोर**
25 साल के एतान मोर नोवा म्यूजिक फेस्टिवल के सिक्योरिटी गार्ड थे। उनके जिंदा होने की खबर परिजनों को फरवरी 2025 में मिली थी और तब रिहा हुए बंधकों ने बताया था कि एतान ने हिम्मत बंधाई, तभी उस दर्दनाक खौफनाक जिंदगी को बिता पाए।

**अविनातान ओर**
32 साल के अविनातान को उनकी गर्लफ्रेंड नोआ अर्जमानी के साथ नोवा म्यूजिक फेस्टिवल से बंधक बनाया गया था। नोआ को तो जून 2024 में इजरायली सेना ने हमास की कैद से छुड़ा लिया था। मार्च 2025 में एक वीडियो के जरिए अविनातान के जिंदा होने के सबूत मिले थे।

**एल्काना बोहबोट**
36 साल के एल्काना भी नोवा म्यूजिक फेस्टिवल में आथे थे। फरवरी 2025 में हमास ने जिन बंधकों को रिहा किया था, उन्होंने बताया था कि एल्काना को अस्थमा हो गया है और वे त्वचा की गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं।

## अब नहीं बहेगा खून, बंधक वापस आ गए

# ट्रंप ने इजराइली संसद नेसेट में कहा-गाजा में बंदूकें खामोश हैं

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इजराइल-हमास में बंधकों की रिहाई और शांति समझौता होने के मौके पर तेल अवीव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने इजराइली संसद नेसेट को भी संबोधित किया और बंधकों की रिहाई पर खुशी जताई। कहा कि बंदूकें खामोश हैं और अब हमेशा ऐसी शांति बनी रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह इजराइल का स्वर्णिम युग है और उसे इस शांति को बनाकर रखना होगा। ट्रंप ने इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को एक महान नेता करार दिया। उन्होंने कहा कि मैं असाधारण साहस और देशभक्ति के धनी व्यक्ति के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जिनकी साझेदारी ने इस महत्वपूर्ण दिन को संभव बनाने में बहुत योगदान दिया। आप जानते हैं, मैं केवल एक ही व्यक्ति की बात कर रहा हूं-पीएम नेतन्याहू। ट्रंप ने कहा कि अंधेरे और कैद में बिताए दो कष्टदायक वर्षों के बाद 20 साहसी बंधक अपने परिवारों के गौरवशाली आलिंगन में लौट रहे हैं।

### नेतन्याहू से निपटना आसान नहीं

नेसेट में जोरदार तालियों की गड़गड़ाहट के बीच ट्रंप ने नेतन्याहू को खड़े होने के लिए कहा। ट्रंप ने आगे कहा कि और मैं आपको बताना चाहता हूं कि वह आसान नहीं हैं। मैं आपको बताना चाहता हूं कि उनसे निपटना आसान नहीं है, लेकिन यही बात उन्हें महान बनाती है। इस दौरान इजराइली सांसदों ने जमकर ठहाके लगाए। अपने भाषण के दौरान ट्रंप ने उन अरब देशों का भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने बातचीत में मदद की। उन्होंने कहा कि यह एक अविश्वसनीय विजय है कि उन्होंने साथ मिलकर काम किया।

### बंदियों की रिहाई पर पीएम मोदी ने खुशी जताई
### ट्रंप की शांति कोशिशों को सराहा

मोदी ने हमास द्वारा इजराइली बंधकों की रिहाई पर खुशी जताते हुए डोनाल्ड ट्रंप की कोशिशों की सराहना की। साथ ही इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को बधाई भी दी। पीएम मोदी ने कहा कि यह आजादी उनके परिवारों की हिम्मत, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शांति के लिए ईमानदार कोशिशों और इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू की मजबूत इच्छाशक्ति को समर्पित है। पीएम मोदी ने क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए ट्रंप के प्रयासों का समर्थन किया।

# अत्याधुनिक रेलवे, मेट्रो उत्पादों और नवाचारों के साथ टिकाऊ समाधानों का होगा प्रदर्शन

## *रेल मंत्री 15 अक्टूबर को करेंगे आईआरईई-2025 का उद्घाटन*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव 15 से 17 अक्टूबर तक यहां भारत मंडपम में आयोजित होने वाली 16वीं अंतरराष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी (आईआरईई 2025) का उद्घाटन करेंगे। सीआईआई व्यापार मेला परिषद के अध्यक्ष बी त्यागराजन ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा रेल मंत्रालय के सहयोग से आयोजित इस प्रदर्शनी में चीन और रूस सहित 15 से अधिक देशों के 400 से अधिक प्रदर्शक भाग लेंगे जो 30 हजार से ज्यादा अत्याधुनिक रेलवे और मेट्रो उत्पादों, नवाचारों और टिकाऊ समाधानों का प्रदर्शन करेंगे। आईआरईई 2025 एक महत्वपूर्ण मंच है जो भारतीय रेलवे को वैश्विक प्रौद्योगिकी दिग्गजों से जोड़ता है। यह भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता को दर्शाता है और साथ ही टिकाऊ एवं कुशल रेलवे समाधानों पर सहयोग को बढ़ावा देता है। त्यागराजन ने कहा कि रेल मंत्रालय के सहयोग से, आईआरईई 2025 का उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, व्यापार साझेदारी को सुविधाजनक बनाना और रेलवे प्रौद्योगिकी में भारत की बढ़ती क्षमताओं को प्रदर्शित करना है। प्रदर्शनी में रोलिंग स्टॉक निर्माण, रेलवे विद्युतीकरण, सिग्नलिंग और दूरसंचार प्रणालियां, स्मार्ट स्टेशन प्रौद्योगिकियां, रेलवे में एआई, स्वचालन, हरित और टिकाऊ परिवहन समाधान को शामिल किया जाएगा। बोर्ड में कार्यकारी निदेशक (सूचना और प्रचार) दिलीप कुमार ने कहा कि आईआरईई 2025 वैश्विक रेलवे प्रणाली का यह सबसे बड़ा आयोजन है। भारत की बात करें तो भारतीय रेलवे, रेलवे के पीएसयू और जोनल रेलवे की प्रोडक्शन इकाइयां भी इसमें हिस्सा लेंगी।

## मस्क ने ओपन एआई पर साधा निशाना

# झूठ पर बना संगठन, चैरिटी चुराकर बनाई गई कंपनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



टेक अरबपति एलन मस्क ने एक बार फिर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी ओपन एआई पर निशाना साधा है। इस बार उन्होंने कंपनी को झूठ पर बना संगठन कहा है। मस्क ने यह टिप्पणी उस समय की जब ओपन एआई की पूर्व बोर्ड मेंबर हेलेन टोनर ने कंपनी के कामकाज को लेकर अपने विचार साझा किए।

हेलेन टोनर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, कभी-कभी ओपन एआई के कर्मचारी मुझसे पूछते हैं कि मैं अब कंपनी को कैसे देखती हूं। कुछ चीजें अच्छी हैं जैसे सिस्टम कार्ड्स बनाना या कॉट मॉनिटरिंग, लेकिन नीति से जुड़े मामलों में उनकी बेईमानी और डराने की रणनीति चिंताजनक है। इस ट्वीट के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने सवाल उठाए कि क्या ओपन एआई एक नॉन-प्रॉफिट संस्था नहीं थी? इस पर मस्क ने जवाब दिया, उन्होंने एक चैरिटी चुरा ली और उसे अपने निजी मुनाफे के लिए इस्तेमाल किया। मस्क पहले भी निशाने पर ले चुके हैं।

## पीएम मोदी से कनाडा की विदेश मंत्री ने की मुलाकात

एजेंसी,नई दिल्ली। कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पीएमओ ने बयान में कहा पीएम मोदी ने विदेश मंत्री आनंद का स्वागत किया और बताया कि उनका यह दौरा द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊर्जा देगा। इस साल मई में कनाडा की विदेश मंत्री बनने के बाद अनीता आनंद की यह पहली भारत यात्रा है। पीएमओ के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी ने जून में जी-7 सम्मेलन के दौरान अपने कनाडा दौरे की चर्चा की, जिसमें उन्होंने कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ 'बेहद उत्पादक' मुलाकात की थी। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार, ऊर्जा, तकनीक, कृषि और जन-जन संबंधों में सहयोग को बढ़ाना महत्वपूर्ण है। मोदी ने कार्नी को अपनी शुभकामनाएं दीं।



## भारत के मिसाइल टेस्ट के दौरान युआन वांग क्लास के चीनी सर्विलांस शिप देखे गए

# चीन के बाद अब अमेरिका ने शुरू की भारत की जासूसी?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के मिसाइल परीक्षण की रेंज देखकर चीन-पाकिस्तान के साथ-साथ अमेरिका भी सकते में आ गया है। चीन के बाद अब अमेरिका ने अपने टोही जहाज, 'ओसियन टाइटन' को हिंद महासागर में भेजा है। 15-17 अक्टूबर के बीच भारत बंगाल की खाड़ी में 3550 किलोमीटर की रेंज वाली मिसाइल का टेस्ट करने जा रहा है।

ओसियन टाइटन के साथ ही चीन का 'युआन वांग-5' भी मलक्का स्ट्रेट पार कर हिंद महासागर पहुंचने वाला है ताकि भारत की इस मिसाइल पर नजर रखी जा सके। इससे पहले भी भारत के मिसाइल टेस्ट के दौरान युआन वांग क्लास के चीनी सर्विलांस शिप हिंद महासागर में देखे गए हैं, लेकिन अमेरिका का रिसर्च वैसल पहली बार भारत के मिसाइल परीक्षण के दौरान इस क्षेत्र में देखा गया है।

ऐसे में सवाल खड़े हो रहे हैं कि क्या चीन की तरह अमेरिका भी अब भारत के मिसाइल परीक्षण की जासूसी करने जा रहा है क्योंकि हाल के दिनों में भारत और अमेरिका के संबंधों में दरार देखी गई है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ट्रंप प्रशासन, पाकिस्तान के साथ नजदीकियां बढ़ाने में जुटा है। जानकारी के मुताबिक, ओसियन टाइटन को हाल ही में मालदीव में देखा गया है। चीन के रिसर्च वैसल भी मालदीव से ही भारत के मिसाइल टेस्ट पर नजर रखते आए हैं।

भारत ने 15-17 अक्टूबर तक बंगाल की खाड़ी के ऊपर के क्षेत्र को डेंजर जोन घोषित

भारत ने 2000 किलोमीटर की रेंज वाली अग्नि-प्राइम का टेस्ट किया था

### भारत ने जारी किया था नोटम



*दरअसल, 6 अक्टूबर को भारत ने इस मिसाइल टेस्ट को लेकर नोटम (नोटिस टू एयरमैन) जारी किया था। शुरुआत में इस परीक्षण के लिए नो फ्लाइंग जोन की रेंज 1480 किलोमीटर रखी गई थी, लेकिन अगले दिन इसकी रेंज 2520 किलोमीटर कर दी गई। फिर महज 22 घंटे में इसकी रेंज 3550 किलोमीटर कर दी गई। ऐसे में कयास इस बात का भी लगाया जा रहा था कि ये कौन सी मिसाइल हो सकती है। 25 सितंबर को डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (डीआरडीओ) और स्ट्रेटेजिक फोर्स कमांड (एसएफसी) कमान ने 2000 किलोमीटर की रेंज वाली अग्नि-प्राइम का टेस्ट किया था। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि 15-17 अक्टूबर के बीच होने वाला परीक्षण भी अग्नि सीरीज की मिसाइल का हो सकता है।*

## चिदंबरम के बाद मणिशंकर अय्यर का बड़ा बयान

# ऑपरेशन ब्लू स्टार सेना के अधिकारियों की थी नासमझी, चीन से दोस्ती करे भारत

एजेंसी ▶▶ कसौली (सोलन)



पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर ने दावा किया है कि कि ऑपरेशन ब्लू स्टार सेना के वरिष्ठतम अधिकारियों की नासमझी थी। पंजाब में शांति स्थापित करने में भी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भूमिका निभाई। लोंगोवाल समझौता भी इसी नीति का हिस्सा था। कसौली में खुशवंत सिंह लिटफेस्ट के अंतिम दिन के पहले सत्र में मणिशंकर अय्यर ने भारत के भविष्य के लिए राजीव गांधी की विरासत का पुनर्मूल्यांकन विषय पर अपनी किताब 'द राजीव आइ न्यू' पर चर्चा करते हुआ यह दावा किया।

### श्रीलंका भेजा शांति मिशन भी गलत साबित हुआ

कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने 1987 के समझौते और श्रीलंका में भारतीय शांति सेना की तैनाती के फैसले का बचाव किया। उनकी दलील है कि श्रीलंका के विघटन को रोकने के लिए यह जरूरी था, जिससे तमिलनाडु में अलगाववाद की भावना भड़क सकती थी। अय्यर बोले कि राजीव को पता था कि श्रीलंका के विघटन से भारत में विघटन की स्थिति पैदा हो सकती है। उनके मुताबिक समझौते पर सेना की सहमति थी और श्रीलंका में शांति सेना पड़ोसी के अनुरोध पर वहां स्थिरता लाने गई थी, उस पर विजय के लिए नहीं। उनका कहना है कि हालांकि, वह मिशन बुरी तरह से गलत साबित हुआ।

चिंतन

# आम आदमी को महंगाई के मोर्चे पर बड़ी राहत

जीएसटी और ब्याज दरों में कटौती होने के बाद ऐसी आशंकाएं जताई जा रही थी कि महंगाई के मोर्च पर झटका लग सकता है, लेकिन हुआ इसके बिलकुल उलट। खुदरा महंगाई दर आठ साल के निचले स्तर पर आ गई है। सितंबर में रिटेल महंगाई 1.54% पर रही है। इससे पहले जून 2017 में भी ये इतनी थी। इसकी वजह खाने-पीने की कुछ वस्तुओं की कीमतों में गिरावट है। वहीं, अगस्त में रिटेल महंगाई 2.07% रही थी। रिटेल महंगाई के आधिकारिक आंकड़े सरकार ने सोमवार को जारी किए हैं। रिजर्व बैंक का लक्ष्य महंगाई को 4% से दो ऊपर-नीचे की सीमा में रखने का है। सितंबर में खाने-पीने के सामानों की कीमत घटी यही कारण रहा कि महंगाई निचले स्तर पर पहुंच गई। महंगाई में लगभग 50% योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महीने-दर-महीने की महंगाई माइनस 0.64 से घटकर माइनस 2.28% हो गई है।

सितंबर में ग्रामीण महंगाई दर 1.69 से घटकर 1.07 प्रतिशत हो गई। वहीं शहरी महंगाई 2.47 से घटकर 2.04 फीसदी पर आ गई। असल में महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा चीजें खरीदेंगे। ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी और डिमांड के मुताबिक सप्लाई नहीं होने पर इन चीजों की कीमत बढ़ेगी। इस तरह बाजार महंगाई की चपेट में आ जाता है। सीधे शब्दों में कहें तो बाजार में पैसों का अत्यधिक बहाव या चीजों की शॉर्टेज महंगाई का कारण बनता है। वहीं, अगर डिमांड कम होगी और सप्लाई ज्यादा तो महंगाई कम होगी। लगातार घटती महंगाई आम लोगों के लिए राहत की बात है, जिसके मुख्य कारण अनुकूल आधार प्रभाव, सब्जियों, दालों, और अनाज जैसी खाद्य वस्तुओं की कीमतों में गिरावट हैं। इस स्थिति से आम नागरिक के जीवन स्तर में सुधार और उपभोक्ता मांग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, हालांकि भविष्य में महंगाई को नियंत्रित रखने के लिए निरंतर निगरानी की आवश्यकता होगी। महंगाई कम होने से लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी और वे खरीदारी के लिए प्रोत्साहित होंगे, जिससे आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। लोग जितना खरीदारी करेंगे अर्थव्यवस्था को उतना लाभ होगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। महंगाई कम होने से देश के लोगों के लिए अपने सपने पूरे करना आसान होगा, घरों से लेकर सपनों की चीजें खरीदने पर कम खर्च होगा और घूमना-फिरना सस्ता होगा। अगर नागरिकों के पास पैसा होगा वो ज्यादा खर्च कर सकेंगे। सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि लोगों की जेब में खरीदारी के लिए धन छोड़ा जाए। जीएसटी और ब्याज दरों में कटौती के पीछे सबसे पहली सोच यही है और इसके सार्थक परिणाम भी आने लगे हैं। खुदरा महंगाई में नरमी को देखते हुए, रिजर्व बैंक अगली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो दर में और कटौती कर सकता है। हालांकि यह महंगाई की आगे की दिशा पर निर्भर करेगा। क्योंकि अधिक बरसात होने के कारण अनेक उत्तरी राज्यों में फसलों को ज्यादा नुकसान हुआ है। यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि महंगाई के आंकड़े केवल आंकड़ों तक सीमित न रहें, बल्कि लोगों को बाजारों में वास्तविक राहत मिले। ऐसा न हो कि आंकड़ों में तो लगातार महंगाई कम होती रही और आम आदमी को इसका असली लाभ ही न मिल पाए।



तकनीक
प्रमोद भार्गव

# पहली एआई मंत्री डिएला की नियुक्ति

> एआई मंत्री डिएला को अल्बानिया की नेशनल एजेंसी फॉर इंफॉर्मेशन सोसायटी ने माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग से विकसित किया है। डिएला को मंत्री पद की जिम्मेदारी संवैधानिक लोकतांत्रिक प्रणाली से चौथी बार प्रधानमंत्री बने एडी रामा ने सौंपी है। इसी साल मई 2025 में चुनाव जीतने के बाद 11 सितंबर को उन्होंने अपनी नई सरकार का गठन किया है। डिएला ने संपूर्ण स्त्री भाव से संसद में राजनीतिक चतुराई से भरा उल्लेखनीय वक्तव्य भी दिया। उन्होंने कहा, 'विपक्ष मेरी नियुक्ति को बार-बार असंवैधानिक बता रहा है। विपक्ष के इस व्यवहार से मेरी भावना आहत हुई है।'

विडंबना देखिए, मनुष्य द्वारा निर्मित वाहनों ने मनुष्य के पैरों से चलने की ताकत छीन ली। मशीनी तकनीक मनुष्य के हाथों के हुनर छीनती जा रही है और अब हैरान करने वाली वास्तविकता यहां तक पहुंच गई है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) अर्थात कृत्रिम बुद्धि से निर्मित डिएला नामक रोबोट स्त्री को मानव के विरुद्ध एक प्रति मानव के रूप में अस्तित्व में लाया गया रोबोट का यह दखल राजनीति से नेता के विस्थापन के रूप में देखने में आया है। सत्ता पक्ष डिएला की नियुक्ति से भ्रष्टाचार मुक्त शासन की कल्पना कर रहा है, जबकि विपक्ष इस रोबोट-स्त्री की तैनाती को असंवैधानिक करार दे रहा है।

एआई मंत्री डिएला को अल्बानिया की नेशनल एजेंसी फॉर इंफॉर्मेशन सोसायटी ने माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग से विकसित किया है। डिएला को मंत्री पद की जिम्मेदारी संवैधानिक लोकतांत्रिक प्रणाली से चौथी बार प्रधानमंत्री बने एडी रामा ने सौंपी है। इसी साल मई 2025 में चुनाव जीतने के बाद 11 सितंबर को उन्होंने अपनी नई सरकार का गठन किया। डिएला ने संपूर्ण स्त्री भाव से संसद में राजनीतिक चतुराई से भरा उल्लेखनीय वक्तव्य भी दिया। उन्होंने कहा, 'विपक्ष मेरी नियुक्ति को बार-बार असंवैधानिक बता रहा है। विपक्ष के इस व्यवहार से मेरी भावना आहत हुई हैं। मैं शासन-प्रशासन को पारदर्शी बनाने और जनता की मदद के लिए हूं। विपक्ष आशंकित न हो, मेरा लक्ष्य जैविक मनुष्य को प्रतिस्थापित (रिप्लेस) करने का नहीं है। मैं किसी की जगह लेने के लिए नहीं आई हूं।' डिएला ने जो कहा वह अजैविक मानव के लिए ठीक हो सकता है, लेकिन सच्चाई तो यही है कि मनुष्य के विरुद्ध एक प्रति मनुष्य के रूप में अपनी जगह बनाता रोबोट जैविक मनुष्य को सीमेंट, कंक्रीट और यंत्रों के जंगल में धकेलता जा रहा है। प्रति मानव रोबोट में बुद्धि डालकर उसे हम मनुष्य का शासक बनाने में लगे हैं। अभी तक रोबोट को नए-नए रूपों में विकसित करने का काम वैज्ञानिक रूपी मनुष्य करता था, लेकिन प्रौद्योगिकी के आकाश में कृत्रिम बुद्धि ने ऐसे पंख दे दिए कि रोबोट अब एआई की मदद से स्वयं अद्यतन (अपडेट) होने लगे हैं और जो जीवित रोबोट अस्तित्व में आए हैं, वे स्वयं रोबोट पैदा करने लगे हैं। रोबोट के स्वमेव परिवर्तन और नए रोबोट पैदा करने की इस ताकत के परिणाम फलदायी होंगे या घातक यह अभी भविष्य के गर्भ में जरूर है, किंतु चिंतनीय बिंदू अवश्य है।

अमेरिकी वैज्ञानिकों ने जीवित रोबोट 'जेनोबोट्स' अवतरित कर दिया है। इसके आविष्कारक वैज्ञानिकों का दावा है कि यह रोबोट अपने जैसे रोबोट संतान के रूप में पैदा कर सकता है। यह करिश्मा वर्मोंट, हावर्ड और टफ्ट्स विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों ने कर दिखाया है। यह रोबोट अफ्रीका में पाए जाने वाले जेनोपस लेविस प्रजाति के मेंढ़क के भ्रूण की स्तंभ कोशिकाओं से बनाया गया है। वैज्ञानिकों ने मेंढ़क के भ्रूण की (एंब्रियो) की जीवित कोशिकाओं को अन्य नए जीवन रूपों के तौर पर प्रयोग करने में सफलता पाई है। इसे जीवित क्रिया-कलाप करने लायक जीव के तौर पर देखा जा रहा है। एक मिमि से भी कम चौड़े इन रोबोट्स को पहली बार 2020 में दुनिया के सामने सार्वजनिक किया गया था। ये जीते-जागते रोबोट्स हैं। भ्रूण से विकसित इन रोबोट के दिल को मोटर की तरह उपयोग में लाया जाता है।



मसलन ये जेनोबोट्स मुंह के अंदर एकल कोशिकाओं को एकत्रित करते हैं और रोबोट के रूप में बच्चों को अवतरित (पैदा) करते जाते हैं। जो हूबहू माता-पिता के प्रतिकृति होते हैं। कोई गड़बड़ी होने पर खुद को ठीक भी कर सकते हैं।

वैज्ञानिकों का दावा है कि जेनोबोट्स में जानवर या पौधों से अलग जैविक प्रजनन का एकदम नया मौलिक रूप खोजा है। ये रूप विज्ञान के लिए ज्ञात किसी भी रूप नख से शिख तक भिन्न हैं। लोग अभी तक यह जानते हैं कि रोबोट धातु, चीनी मिट्टी या प्लास्टिक से बने होते हैं। जबकि जेनेबोट्स मेंढ़क के जीवित भ्रूण की स्तंभ कोशिकाओं को कतरन (स्क्रैप) करके सेने (इनक्यूबेट) के लिए छोड़ दिया। इन्हें साइबॉर्ग रोबोट की श्रेणी में रखा जा सकता है। इस सिलसिले में सूक्ष्म शल्य क्रिया विषेशज्ञ का कहना है कि 'स्तंभ कोशिकाओं की कतरन को चिमटी और लघु इलेक्ट्रोड से सूक्ष्मदर्शी यंत्र के माध्यम से एक आकार में ढाला गया, फिर इन्हें शरीर का रूप दिया गया। तत्पश्चात ये कोशिकाएं पुनः सक्रिय हो गईं। इस तरह तैयार जेनोबोट्स को जब टुकड़ों में विभाजित किया गया तो वह स्वयं को जोड़कर क्रियाशील हो गया।' इसी कारण ये रोबोट के साथ जीव भी हैं। ये रोबोट समुद्र, नदी और तालाब की गहराइयों से माइक्रोप्लास्टिक कचरा खींच लाने में सक्षम हैं। लिहाजा इस जीवित मशीन को स्वच्छता के अभियान में भी लगाया जा सकता है। मानव की धमनियों की बाधा को दूर करने में भी इनका इस्तेमाल हो सकता है। ऐसी ही रोबोट तकनीक का कमाल है डिएला।

28 लाख की आबादी वाले देश अल्बानिया की अल्बानियाई भाषा में 'डिएला' का अर्थ 'सूरज' होता है। डिएला को अल्बानिया की पारंपरिक वेशभूषा में सौम्य, सुंदर और सुशील स्त्री को रोबोट के रूप में विकसित किया है। डिएला की वाणी और मुखाकृति अल्बानियाई अभिनेत्री अनिला बिशा का मॉडल है। प्रधानमंत्री ने इन्हें सार्वजनिक खरीद मंत्रालय का मंत्री बनाने की घोषणा विधिपूर्वक राजधानी तिराना की संसद में की थी। अल्बानिया यूरोपीय संघ में शामिल होने की प्रक्रिया में है। इस प्रक्रिया को पूरी होने में भ्रष्टाचार बड़ी बाधा बन रहा है। इसीलिए डिएला को सरकारी खरीद निविदा प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने और कदाचरण खत्म करने की दृष्टी से नियुक्त किया है। यानी डिएला का मनोनयन रामा सरकार की रणनीति की एक कूटनीतिक चाल है। पीएम रामा इसी लक्ष्यपूर्ति के बहाने राष्ट्र को भ्रष्टाचार मुक्त बनाए जाने के प्रति, प्रतिबद्धता जता रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में सरकार में शामिल अन्य मंत्रियों, सरकारी अधिकारियों ने कहना शुरू कर दिया है कि सार्वजनिक व्यय में भ्रष्टाचार से लड़ने में मदद मिलेगी। इसके विपरीत विपक्षी सांसद दावा कर रहे हैं कि यह तथाकथित एआई से संचालित स्त्री रोबोट भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने का काम करेगा। क्योंकि हम जानते हैं कि अंततः रोबोट एक मशीन है, जिसके डाटा व सर्किट में परिवर्तन किए जा सकते हैं।

अल्बानिया के संविधान में जनता द्वारा निर्वाचित सांसद को ही मंत्री बनने का अधिकार है न कि किसी स्त्री रोबोट के आभासी अवतार को ? यह तरीका इंसान को जीवंत राजनीति से विस्थापन का कुटिल तकनीकी उपाय भर है, जो किसी भी देश और मानव जाति के लिए घातक है। कोई प्रतीक मनुष्य का स्थान नहीं ले सकता है। डिएला की तैनाती में जो सबसे प्रमुख कमी है, वह है कि इसकी गलतियों के लिए जिम्मेदार किसे ठहराया जाए? अतएव एआई कुशल और समावेशी शासन व्यवस्था के लिए एक शक्तिशाली मशीनी यंत्र अवश्य है, तथापि इसके उत्तरदायित्व और लोक विश्वास सुनिश्चित होने जरूरी हैं, जिससे इसके नैतिक और लोकतांत्रिक मानदंड निर्धारित हों।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विदेश
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा




# धौंस-धमकान की नीति ट्रंप के लिए होगी आत्मघाती

धमकाने और धौंस की नीति पर चल रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी झूठी चौधराहट और खनिजों के चक्कर में लगता है दुनिया के देशों में अमेरिकी विरोधियों की बड़ी फौज ही तैयार करते जा रहे हैं। शांति के नोबल पुरस्कार का ट्रंप का सपना धरा का धरा ही रह गया है और अब 30% टैरिफ के अतिरिक्त 100% और यानी कि 130 प्रतिशत टैरिफ लगाकर चीन के खिलाफ भी आर्थिक क्षेत्र में खुली जंग छेड़ दी। कनाडा को अमेरिका का नया राज्य बनाने और रूस-यूक्रेन युद्ध के पीछे के अमेरिकी एजेंडे को आज दुनिया के देश समझ ही चुके हैं। पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष के साथ डिनर के माध्यम से अमेरिका के गिरते स्तर को दुनिया के देश देख ही चुके हैं। भारत जैसे देश से पंगा लेना सबके सामने हैं। पाकिस्तान पर भी खनिजों के चक्कर में डोरे ड़ाले जा रहे हैं। देखा जाए तो ट्रंप का रवैया जिस तरह का दूसरी बार सत्ता संभालने के बाद देखने को मिल रहा है वह गली मौहल्ले के गुंडे मवाली जैसा है। दुनिया के देशों को धमकाना जैसे ट्रंप का काम ही हो गया हो। दुनिया के देशों में युद्ध समाप्त कराने का झूठा तमगा पहनने के प्रयास और शांति के नोबल पुरस्कार के लिए नोबल संस्था तक को धमकाने के कुत्सित प्रयास से ट्रंप स्वयं और अमेरिका दोनों की ही हेठी कराने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। हालांकि भारत किसी भी तरह के ट्रंप के दबाव में नहीं आया और सबसे बड़ी तोहीन तो यह रही कि भारत ने इस पर प्रतिक्रिया तक व्यक्त करने की जहमत नहीं उठाई, जिसके कारण अमेरिका का तमतमाना लाजिमी है। अमेरिका ने भारत पर 100% टैरिफ लगाने के बाद सोचा था कि भारत घुटनों के बल आ जाएगा पर हुआ इसका उल्टा ही और भारत ने नए बाजार की संभावनाएं तलाशना आंरभ कर दिया। आर्थिक विश्लेषकों का मानना है कि अब चीन पर अमेरिकी टैरिफ वार का भारत पर सकारात्मक प्रभाव होगा। भारत की निर्यात की संभावनाओं को पर लगने के अधिक आसार हो जाएंगे। स्वाभाविक है चीन के उत्पाद महंगे हो जाएंगे और भारतीय उत्पाद कपड़ा, हैण्डिक्राफ्ट, खिलौने आदि आदि तुलनात्मक रूप से सस्ते होंगे तो भारतीय उत्पादों की मांग कम होने के स्थान पर बढ़ेगी ही। वहीं अमेरिकी टैरिफ वार अमेरिका पर ही उल्टा पड़ना है। आज अमेरिका भारतीय प्रतिभाओं का लाभ उठा रहा है पर नए वीजा नियमों और विदेशियों को पलायन करने के बाध्यकारी आदेशों से अमेरिका आने वाले समय में शून्यता की और बढ़ेगा। इधर, ट्रप के व्यवहार के चलते श्वेत-अश्वेत की खाई और चौड़ी होती जा रही है।

20वीं सदी के अंत में दुनिया के देशों में विश्वग्राम का सपना देखा था, इस दिशा में दुनिया के देश आगे भी बढ़े थे और फिर संचार क्रान्ति ने तो दुनिया के देशों को लगभग विश्वग्राम बना ही दिया पर जिस तरह के हालात ट्रंप जैसे अति महत्वाकांक्षी द्वारा उठाए जा रहे हैं, उससे विश्वग्राम का सपना बीच राह में ही टूटता नजर आने लगा है। एक दूसरे के सहयोग और समन्वय की बात तो ट्रंप ने भुला ही दी है। फिर सबको एक ही लकड़ी से हांकने की नीति भी आत्मघाती बनती जा रही है। अमेरिका को समझना होगा कि आज आप किसी पर टैरिफ का दबाव बढ़ाते हो तो अन्य देशों के लिए राह आसान कर रहे हो। हो यह राह है कि टैरिफ की मार का सबसे नकारात्मक प्रभाव अमेरिका पर ही पड़ना है। आज दूसरे देशों के प्रति निर्भरता बढ़ी है और ऐसे में आगे बढ़ने के लिए दो मोर्चों पर जुटना पड़ता है। पहले तो यह कि दूसरे देशों में आ रहे बदलावों, तकनीक को समझना और फिर उस तकनीक को अपनी जरूरत के अनुसार अपने देश में विकसित करना। अमेरिका दरअसल, दूसरों की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करना चाहता है पर वह यह भूल रहा है कि इकोनोमी एक दूसरे की सहायता से आगे बढ़ती है। देसी-विदेशी मांग को बढ़ाना ही होता है। स्थानीय के साथ ही विदेशों में भी बाजार खोजना होता है। ऐसे में बड़े-बड़े व्यापार समझौते देशों के बीच होते हैं। अमेरिका ने जिस तरह से व्यापार समझौतों को दरकिनार कर टैरिफ वार और तरह तरह के अवरोध खड़े करने के प्रयास किए हैं उनका असर अंततोगत्वा अमेरिकी इकोनोमी पर भी पड़ना ही है। लगता है ट्रंप अमेरिका को आत्मघाती गोल की तरफ ले जा रहा है। दुनिया के देशों को वैश्विक ग्राम की परिकल्पना को ही आगे बढ़ाना होगा। आज दुनिया और दुनिया के देश कहां खड़े हैं यह कोरोना काल में सबको पता चल चुका है। ऐसे में समय रहते नीतियों मे बदलाव जरूरी हो जाता है। जिस तरह से तकनीक ने एक दूसरे को नजदीक लाने का प्रयास किया है उसे आगे बढ़ाना वैश्विक नेताओं का दायित्व हो जाता है। आज एकला चालो रे की नीति से आगे बढ़ने और कुछ पाने की कल्पना करना बेमानी होगा, यह देर सबेर समझना ही होगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## प्रेम क्या है?



संकलित
दर्शन

प्रेम कोई क्रिया नहीं है। 'मैं' भी प्रेम है और 'तुम' भी प्रेम हो। प्रेम वह तत्त्व है जिससे हम सब बने हैं। यह एक अवस्था है, कोई कार्य नहीं। जब हम वर्तमान में होते हैं, तब हमारा मन स्वच्छ होता है-न क्रोध, न चिंता, बस प्रेम होता है। छोटे बच्चों को देखो-उनके चेहरे पर कितना निर्मल प्रेम होता है! बच्चे आकर्षक क्यों होते हैं? क्योंकि वे अपने भीतर के प्रेम को बिना किसी अवरोध के बाहर लाने देते हैं। यही कारण है कि यीशु ने कहा था - "जब तक तुम बच्चों जैसे नहीं बनते, तब तक स्वर्ग के द्वार तुम्हारे लिए नहीं खुलते।" बच्चे एक पल रोते हैं, और अगले ही पल हँस पड़ते हैं - यह है वर्तमान में जीने की कला। हम सबमें यह क्षमता है लेकिन जैसे-जैसे हम 'बुद्धिमान' होते जाते हैं, हम अपनी मासूमियत खो देते हैं। आत्मज्ञान का अर्थ है-मासूमियत को बनाए रखते हुए ज्ञान में बढ़ना। एक अज्ञानी व्यक्ति मासूम हो सकता है, लेकिन उसकी मासूमियत का कोई मूल्य नहीं होता। एक चतुर व्यक्ति चालाक हो सकता है, पर उसकी बुद्धिमत्ता में करुणा न हो तो वह भी व्यर्थ है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था है-जब व्यक्ति बुद्धिमान हो, लेकिन फिर भी भीतर से मासूम बना रहे। यह जीवन में बहुमूल्य है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था यह है कि हम बुद्धिमान बनें, पर भीतर से बच्चे जैसे सरल और निष्कलुष बने रहें। आज की भागदौड़ भरी जीवन में हम सब सफल, समझदार, प्रभावशाली बनना चाहते हैं लेकिन इस दौड़ में कहीं हमारी सरलता, सहजता और वह निर्मल मुस्कान पीछे छूट गई है।

## सुख-दुख आते-जाते रहेंगे



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध खत्म हो गया था। कौरव सेना खत्म हो गई थी और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। जब पांडवों के जीवन में सब ठीक हो गया, तब श्रीकृष्ण ने सोचा कि अब मुझे द्वारिका जाना चाहिए। श्रीकृष्ण ने अपनी इच्छा पांडवों को बताई, सभी भगवान को रोकना चाहते थे, लेकिन वे नहीं रुके। श्रीकृष्ण रथ पर बैठ आगे बढ़े तो सामने कुंती खड़ी थीं। रिश्ते में कुंती श्रीकृष्ण की बुआ थीं। अपनी बुआ को देखकर श्रीकृष्ण रथ से उतरे तो कुंती ने उन्हें प्रणाम किया। ये देखकर श्रीकृष्ण बोले कि आप मेरी बुआ हैं, मेरी माता की तरह हैं। मैं आपको प्रणाम करता हूं, लेकिन आज आप मुझे क्यों प्रणाम कर रही हैं? कुंती ने कहा कि कृष्ण, तुम मेरे भतीजे हो, लेकिन मैं ये भी जानती हूं कि तुम भगवान भी हो। मुझे अपना भक्त बनने दो। श्रीकृष्ण ने कहा कि ठीक है। सभी लोग भगवान से कुछ न कुछ मांगते ही हैं, आप भी कुछ मुझसे जो चाहें, वह वरदान मांग सकती हैं। कुंती ने कहा कि मुझे वरदान में दुख दे दो। वरदान में दुख की बात सुनकर श्रीकृष्ण बोले कि आप दुख क्यों चाहती हैं? आपका तो पूरा जीवन ही दुखों में बीता है। कुंती ने कहा कि दुख में तुम बहुत याद आते हो, जीवन में दुख रहेगा तो मैं तुम्हारी भक्ति करती रहूंगी। सुख के दिनों में तो मन भक्ति में लगता नहीं है। मैं हर पल तुम्हारा ही ध्यान करना चाहती हूं, इसलिए दुख मांग रही हूं। श्रीकृष्ण बोले कि ठीक है, जैसी आपकी इच्छा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मिलावटी चीजों से सावधान रहें

आज बहुत से ऐसे लोग भी हैं जो अपने थोड़े से फायदे के लिए खाने-पीने की चीजों में मिलावट करके दूसरों की जान को भी जोखिम में डाल देते हैं। लेकिन चंद सिक्कों की खातिर दूसरों की जान जोखिम में डालना मानवता के खिलाफ है। खाने-पीने की मिलावटी चीजें तो जहर समान होती है। स्वस्थ भारत के लिए खानपान की चीजों में मिलावट रोकना भी बहुत जरूरी है। खाद्य पदार्थों में मिलावट नहीं रुक रही, क्योंकि एक तो आमजन सरकार द्वारा बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण के कानून के प्रति जागरूक नहीं है, दूसरा सरकार और प्रशासन मिलावट रोकने के लिए गंभीरता नहीं दिखाते। तीसरा कारण सरकारी तंत्र में फैला भ्रष्टाचार है। इसके कारण खाद्य पदार्थों की जांच समय-समय पर नहीं होती।

*- रमेश शर्मा, कांकेर*

## ट्रेंड

### टमाटर की खेती



मैं टमाटर के खेत पर खड़ा हूं। हमने बड़ी मेहनत से टमाटर की खेती करने का प्रयास किया है। फसल बहुत अच्छी है, उसे देखकर प्रसन्नता हो रही है। इल्लियों का थोड़ा प्रकोप जरूर हुआ था, लेकिन उसे भी कंट्रोल करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं।
**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### पेड़ काटने पर दुःख



यह वाकई दिल दहला देने वाला दृश्य है। एक महिला वृक्ष को काटे जाने के बाद उसे नमन कर रही है। ये पेड़ 20 साल से भी ज्यादा बड़ा था और बाद में उसे काट दिया गया। मुझे बताया गया है कि यह छत्तीसगढ़ राज्य में हुआ था।
**- किरण रिजिजू, केंद्रीय मंत्री**

### प्रतिबद्धता का संकल्प



डॉ. राम मनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन। नाइंसाफ़ी और ग़ैर-बराबरी के खिलाफ़ लोहिया की 'सप्त क्रांति' के सिद्धान्त को ज़मीन पर उतारने के लिए हम आज प्रतिबद्धता का संकल्प लेते हैं।
**- अखिलेश यादव, सपा नेता**

### परिवार के तीन



एक परिवार.. एक ही परिवार के तीन सदस्य.. तीनों का एक ही व्यवसाय और एक ही दिन में तीन पुरस्कार। जया को सम्मानित करते हुए फिल्मफेयर के 70 साल। अभिषेक के लिए 2025 का सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और 70 साल के जश्न के लिए वास्तव में आपका धन्यवाद।
**- अमिताभ बच्चन, अभिनेता**

## करंट अफेयर

# पाक-अफगान आपसी मुद्दों को संवाद से सुलझाएं


चीन ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पर हुई झड़पों में दर्जनों सैनिकों की मौत के बाद सोमवार को दोनों देशों से संयम बरतने और आपसी मुद्दों को संवाद व परामर्श के जरिए सुलझाने की अपील की। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने सप्ताहांत में दोनों देशों के बीच हुए संघर्ष पर टिप्पणी करते हुए संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हाल में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच संघर्ष के कारण दोनों के रिश्ते तनावपूर्ण होने पर चीन गहरी चिंता व्यक्त करता है। उन्होंने कहा, "चीन गंभीरता से उम्मीद करता है कि दोनों पक्ष व्यापक दृष्टिकोण अपनाएं, शांति और संयम बरतें, आपसी मुद्दों को संवाद व परामर्श के जरिए सुलझाएं, संघर्ष को बढ़ने से रोकें और क्षेत्र में शांति व स्थिरता बनाए रखें।" पाकिस्तान सेना ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर रातभर चली झड़पों में उसके कम से कम 23 सैनिक शहीद हो गए जबकि तालिबान से जुड़े 200 से अधिक आतंकवादी मारे गए। दूसरी ओर तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीउल्ला मुजाहिद ने कहा कि 58 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और करीब 30 घायल हुए। चीन के पाकिस्तान और अफगानिस्तान दोनों से घनिष्ठ संबंध हैं।



## ऑफ बीट

# आपका शरीर हो सकता है चलता-फिरता जिम

आपको शारीरिक रूप से मजबूत बनने के लिए जिम की सदस्यता, डम्बल या महंगे उपकरणों की आवश्यकता नहीं है। शुरुआत से ही, हमारे पास शारीरिक मजबूती के प्रशिक्षण के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध रहा है - हमारा अपना शरीर। बाहरी बलों और उपकरणों के इस्तेमाल के बिना शारीरिक मजबूती के प्रशिक्षण को 'बॉडीवेट प्रशिक्षण' कहा जाता है। पुश-अप्स और स्क्वैट्स से लेकर प्लैंक्स और चिन-अप्स तक, बॉडीवेट प्रशिक्षण व्यायाम करने के सबसे लोकप्रिय तरीकों में से एक बन गया है, क्योंकि इसे कहीं भी किया जा सकता है और यह मुफ्त भी है। तो, यह क्या है, यह क्यों काम करता है, और आप इसे कैसे शुरू कर सकते हैं? बॉडीवेट प्रशिक्षण क्या है? बॉडीवेट प्रशिक्षण का सीधा सा मतलब है कि आप बारबेल और डम्बल जैसे बाहरी वजन के बजाय अपने शरीर के वजन को प्रतिरोध के रूप में इस्तेमाल करते हैं। इसमें व्यायाम के आम तरीकों में पुश-अप्स, स्क्वैट्स, लंजेस और सिट-अप्स शामिल हैं। लेकिन बॉडीवेट प्रशिक्षण में स्थिर पकड़ का भी उपयोग किया जा सकता है जो आपके शरीर को बिना हिलाए चुनौती देता है, जैसे कि प्लैंक या योग आसन। बॉडीवेट प्रशिक्षण का इस्तेमाल किसी भी मांसपेशी समूह के लिए किया जा सकता है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

आज दोपहर 3 बजे से अटापट्टू और डिवाइन की टीमों में मुकाबला

# श्रीलंका के खिलाफ अपनी लय बरकरार रखने उतरेगा न्यूजीलैंड

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

पिछले मैच में जीत से उत्साहित पूर्व चैंपियन न्यूजीलैंड 14 अक्टूबर को जब आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप के अहम मैच में सह-मेजबान श्रीलंका से भिड़ेगा तो उसकी कोशिश अपनी लय बरकरार रखना होगा। दूसरी तरफ श्रीलंका अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाया है और उसकी टीम घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी।

न्यूजीलैंड की टीम 2000 की चैंपियन है लेकिन वर्तमान टूर्नामेंट में उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसे अपने पहले दो मैच में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका से हार का सामना करना पड़ा लेकिन इसके बाद वह बांग्लादेश को हराकर अपना अभियान पटरी पर लाने में सफल रही। न्यूजीलैंड की टीम अभी अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है। उसने तीन मैचों में दो अंक हासिल किए हैं और उसका नेट रन रेट -0.245 है, जिसे वे सुधारना चाहेंगे।

### न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम में निरंतरता का अभाव

कप्तान सोफी डिवाइन ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने तीन पारियों में 86.66 की औसत से रन बनाए हैं। उनकी संयमित पारी और पांचवें नंबर की बल्लेबाज ब्रुक हॉलिडे के दमदार प्रदर्शन ने बांग्लादेश के खिलाफ टीम को जीत दिलाने में मदद की। न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है, जो उसके लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है। अनुभवी सूजी बेट्स, जॉर्जिया प्लिमर और अमेलिया केर को अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में बदलने में संघर्ष करना पड़ा है, जिससे अधिकांश जिम्मेदारी डिवाइन के कंधों पर आ गई है। उन्हें अपनी लय हासिल करनी होगी और श्रीलंका के स्पिन आक्रमण के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना होगा, विशेषकर उस पिच पर, जिसमें टर्न मिलने की उम्मीद है।



### श्रीलंका को करनी होगी जीत दर्ज

*जहां तक श्रीलंका का सवाल है तो उसे सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए अब हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। चमारी अटापट्टू की अगुवाई वाली टीम के खाते में तीन मैचों में एक अंक है, जो गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक मैच बारिश की भेंट चढ़ने के कारण है। वह केवल पाकिस्तान से आगे सातवें स्थान पर है। श्रीलंका की टीम बल्लेबाजी में अपनी कप्तान अटापट्टू पर बहुत अधिक निर्भर है और अगर उसे जीत हासिल करनी है तो उसके अन्य बल्लेबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। श्रीलंका की टीम को क्षेत्ररक्षण में भी काफी सुधार करना होगा, क्योंकि पिछले मैचों में कई कैच छूटने और खराब फील्डिंग के कारण उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ा है।*

### टीम इस प्रकार

**श्रीलंका:** चमारी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, कविशा दिलहारी, नीलाक्षी डी सिल्वा, अनुष्का संजीवनी, इमेशा दुलानी, देवमी विहंगा, पिउमी वाथसाला, इनोका राणावीरा, सुगंधिका कुमारी, उदेशिका प्रबोदानी, मल्की मदारा, अचिनी कुलसुरिया।

**न्यूजीलैंड:** सोफी डिवाइन (कप्तान), सूजी बेट्स, ईडन कार्सन, फ्लोरा डेवोनशायर, इज्जी गेज, मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, ब्री इलिंग, पॉली इंगलिस, बेला जेम्स, मेली केर, जेस केर, रोजमेरी मैयर, जॉर्जिया प्लिमर, ली ताहुहु।

## खबर संक्षेप



### तेज गेंदबाजों को निशाना बनाने की रणनीति रही कामयाब

**विशाखापत्तनम।** ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने खुलासा किया कि उनके बल्लेबाजों ने पिच से बाएं हाथ की स्पिनर श्रीचरणी को मिल रही मदद को देखते हुए भारतीय तेज गेंदबाजों को निशाना बनाया और कहा कि मेजबान टीम के सीमित गेंदबाजी विकल्पों ने भी उनके लिए चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को हासिल करना आसान बना दिया। ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को महिला वनडे विश्व कप मैच में 331 रन के रिकार्ड लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए तीन विकेट से जीत हासिल की, जिसमें हीली ने 107 गेंदों पर 142 रन की शानदार पारी खेली। हीली और अन्य ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने भारत के तेज गेंदबाजों क्रांति गौड़ और अमनजोत कौर को निशाना बनाया, जिससे भारतीय टीम प्रबंधन की पांच गेंदबाजों के साथ खेलने की रणनीति की नाकामी उजागर हो गई।

### भारतीय खिलाड़ियों के साथ टकराव से बचें: पीएचएफ

**लाहौर।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने अपनी राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों को सलाह दी है कि वे मैदान पर भारतीय खिलाड़ियों के साथ किसी भी तरह के टकराव से बचें और मंगलवार को मलेशिया के सुल्तान जोहोर कप के दौरान सिर्फ अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करें। पूरी संभावना है कि भारतीय जूनियर हॉकी टीम पाकिस्तान के खिलाफ मंगलवार को होने वाले मैच में अपनी क्रिकेट टीम की तरह ही रवैया अपनाएगी। पीएचएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि खिलाड़ियों को भारतीय टीम की हाथ न मिलाने की नीति के लिए मानसिक रूप से तैयार रहने को कहा गया है।

### निश्चय ने चक्का फेंक में बनाया मीट रिकॉर्ड

**भुवनेश्वर।** हरियाणा के युवा चक्का फेंक खिलाड़ी निश्चय ने सोमवार को 40वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के चौथे दिन लड़कों के अंडर-18 वर्ग में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। इस 17 वर्षीय एथलीट ने 1.5 किलोग्राम के चक्का को 63.69 मीटर की दूरी तक फेंका, जिसने गुवाहाटी में 2022 में अतुल द्वारा बनाए गए 60.17 मीटर के पिछले मीट रिकॉर्ड को तोड़ दिया। निश्चय ने इससे पहले गोला फेंक में भी 19.48 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने इस तरह थ्रो स्पर्धाओं में अपनी बहुमुखी प्रतिभा को साबित किया। राजस्थान के विशाल कुमार ने 60.90 मीटर के साथ रजत पदक जीता, जबकि मध्य प्रदेश के उस्मान अली खान ने 58.81 मीटर के साथ कांस्य पदक हासिल किया। अगले साल अमेरिका के ओरेगन में होने वाली विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालिफिकेशन मानक 56 मीटर निर्धारित है। निश्चय के इस प्रदर्शन ने उन्हें राष्ट्रीय टीम में चयन के लिए शीर्ष दावेदारों में से एक बना दिया है। अंडर-20 200 मीटर स्पर्धाओं में भी रिकॉर्ड बने।

- **महाराणा और नीरू फर्राटा दौड़ में चमके**

वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में बनाए 390 रन, भारत के सामने 121 रन का लक्ष्य

# 'क्लीन स्वीप' से महज 58 रन दूर टीम इंडिया, कैम्पबेल-होप ने जड़ा शतक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने दूसरी पारी में अच्छी चुनौती पेश की लेकिन यह पर्याप्त नहीं था क्योंकि भारत को दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच को जीतने और श्रृंखला में क्लीनस्वीप करने के लिए अब केवल 58 रन की जरुरत है। वेस्टइंडीज ने अपनी दूसरी पारी में 390 रन बनाकर भारत के सामने 121 रन का लक्ष्य रखा। भारत ने सोमवार को चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक 1 विकेट पर 63 रन बनाए हैं। दूसरी पारी में जॉन कैम्पबेल (199 गेंदों पर 115 रन) और शाई होप (214 गेंदों पर 103 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 177 रन जोड़कर संघर्ष करने का जज्बा दिखाया। लेकिन अगर मैच पांचवें दिन में चला गया तो उसका श्रेय जस्टिन ग्रीवस (नाबाद 50) और जेडन सील्स (32) को जाता है, जिन्होंने दसवें विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी की।

- **भारत ने चौथे दिन 1 विकेट पर बनाए 63 रन**



### भारत की शुरुआत खराब

भारत ने 80 ओवर के बाद नई गेंद ली। इसके बाद वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों की कमजोरी खुलकर सामने आ गई। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव ने तीन-तीन, मोहम्मद सिराज ने दो तथा रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर ने एक-एक विकेट लिया। छोटे लक्ष्य के सामने भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहली पारी में 175 रन बनाने वाले यशस्वी जायसवाल (08) का विकेट जल्दी गंवा दिया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने जोमेल वारिकन की गेंद पर लॉन्ग ऑन पर आसान कैच दिया। इसके बाद केएल राहुल (नाबाद 25) और आर साईं सुदर्शन (नाबाद 30) ने कोई झटका नहीं लगने दिया, जिससे भारत ने एक और बड़ी जीत सुनिश्चित कर दी।

### सिराज ने ब्लेसिंग मुजरबनी को पछाड़ा

दिल्ली टेस्ट मैच में सिराज ने दोनों पारियों में 3 विकेट झटके। इन 3 विकेट की मदद से वो इस साल में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बने और इस साल क्रिकेट के लंबे प्रारूप में उनके विकेटों की संख्या अब 37 हो चुकी है। उन्होंने मुजरबनी को पछाड़ दिया, जिन्होंने इस साल अब तक 36 विकेट अपने नाम किए हैं। साल 2025 में सिराज ने अब तक खेले 8 टेस्ट मैचों की 15 पारियों में 37 विकेट लिए हैं, जिसमें 5 विकेट हॉल 2 बार जबकि 4 विकेट हॉल भी दो बार लेने का कमाल उन्होंने किया है। इस दौरान एक पारी में उन्होंने बेस्ट गेंदबाजी 70 रन देकर 6 विकेट रहा है। इसके अलावा दूसरे नंबर पर मौजूद मुजरबानी की बात करें तो उन्होंने 9 मैचों में 36 विकेट लिए हैं, जिसमें 3 बार 5 विकेट लेने का कमाल भी शामिल है।

### कुलदीप ने किया कमाल

साल 2025 में इंटरनेशनल क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की बात करें तो वहां कुलदीप यादव ने अब तक 18 पारियों में 38 विकेट अपने नाम किए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर मौजूद सिराज ने 15 पारियों में 37 विकेट चटकाए हैं। लिस्ट में तीसरे नंबर पर वरुण चक्रवर्ती का नाम है। उन्होंने इस साल 15 पारियों में 31 विकेट लिए हैं। चौथे नंबर पर जसप्रीत बुमराह का नाम है। बुमराह ने 15 पारियों में अब तक 30 विकेट हासिल किए हैं। वहीं पांचवें नंबर पर मौजूद जडेजा ने 21 पारियों में 26 विकेट लिए हैं।

### स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी:518/5
वेस्टइंडीज पहली पारी: 248

| वेस्टइंडीज दूसरी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कैंपबेल पगबाधा जडेजा | 115 | 199 | 12 | 3 |
| चंद्रपॉल का गिल बो सिराज | 10 | 30 | 1 | 0 |
| अथानजे बो सुंदर | 07 | 17 | 1 | 0 |
| होप बो सिराज | 103 | 214 | 12 | 2 |
| चेज का (पडिक्कल) बो कुलदीप | 40 | 72 | 4 | 1 |
| इमलाच पगबाधा कुलदीप | 12 | 13 | 1 | 1 |
| जस्टिन ग्रीव्स नाबाद | 50 | 85 | 3 | 0 |
| पियरे का रेड्डी बो कुलदीप | 00 | 2 | 0 | 0 |
| वारिकन बो बुमराह | 03 | 6 | 0 | 0 |
| फिलिप्स का जुरेल बो बुमराह | 02 | 10 | 0 | 0 |
| सील्स का सुंदर बो बुमराह | 32 | 67 | 1 | 1 |

अतिरिक्त: 16, कुल योग: 118.5 ओवर में 390/10 रन
गेंदबाजी: सिराज 15-3-43-2, जडेजा 33-10-102-1, सुंदर 23-3-80-1, कुलदीप 29-4-104-3, बुमराह 17.5-5-44-3, जायसवाल 1-0-3-0

| भारत दूसरी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का फिलिप्स बो वारिकन | 08 | 7 | 2 | 0 |
| लोकेश राहुल नाबाद | 25 | 24 | 2 | 0 |
| सुदर्शन नाबाद | 30 | 47 | 5 | 0 |

अतिरिक्त: 00, कुल योग: 10 ओवर में 63/1 रन
गेंदबाजी: सील्स 3-0-14-0, वारिकन 7-1-15-1, पियरे 6-0-24-0, चेज 2-0-10-0

महिला विश्व कप

## ट्रायोन और डि क्लेर्क ने दिलाई दक्षिण अफ्रीका को बांग्लादेश पर रोमांचक जीत



- दक्षिण अफ्रीका की लगातार तीसरी जीत
- बांग्लादेश को 3 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

शीर्ष क्रम की नाकामी से उबरते हुए क्लो ट्रायोन और मरियाने काप ने 'संकटमोचक' की भूमिका निभाई तो नडाइन डि क्लेर्क एक बार फिर बेहतरीन 'फिनिशर' साबित हुई जिसकी मदद से दक्षिण अफ्रीका ने महिला विश्व कप के रोमांचक मुकाबले में सोमवार को बांग्लादेश को तीन विकेट से हरा दिया। भारत के खिलाफ 84 रन की पारी खेलकर टीम को जीत दिलाने वाली डि क्लेर्क ने आखिरी ओवर में नाहिदा अख्तर को एक चौका और एक छक्का जड़कर दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट पर 235 रन तक पहुंचाया। बांग्लादेश के गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के शीर्ष और मध्यक्रम के नाकाम रहने के बाद ट्रायोन और मरियाने काप ने छठे विकेट के लिये 85 रन की साझेदारी करके दक्षिण अफ्रीका को मैच में बनाये रखा। काप 71 गेंद में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 56 रन बनाकर नाहिदा का शिकार हुई जिनका कैच शोरना ने लपका। इसके बाद ट्रायोन ने मोर्चा संभाला लेकिन 69 गेंद में 62 रन बनाने के बाद वह उस समय रन आउट हो गई जब उनकी टीम को 31 गेंद में 35 रन की जरूरत थी। डि क्लेर्क ने 29 गेंद में चार चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 37 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। बांग्लादेश के लिये रितु ने दस ओवर में सिर्फ 29 रन देकर एक विकेट लिया जबकि नाहिदा को दो विकेट मिले। इससे पहले बांग्लादेश के लिये सबसे तेज वनडे अर्धशतक (35 गेंद में) बनाने वाली शोरना अख्तर के आखिरी ओवरों में आतिशी प्रदर्शन से उनकी टीम ने पहले बल्लेबाजी चुनकर छह विकेट पर 232 रन बनाये। एक समय लग रहा था कि बांग्लादेश टीम 200 रन तक भी नहीं पहुंच सकेगी लेकिन शोरना ने आखिरी पांच ओवरों में तस्वीर बदल दी।

ऑस्ट्रेलिया दौरा

## अब ऑस्ट्रेलिया जाएगी टीम इंडिया वनडे और टी-20 के होंगे मुकाबले



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के बाद 19 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। ऑस्ट्रेलिया में टीम इंडिया को 3 मैचों की वनडे और 5 मैचों की टी20 सीरीज में हिस्सा लेना है, जिसके लिए भारतीय टीम का ऐलान किया जा चुका है। ऑस्ट्रेलिया में आमतौर पर मैच की शुरुआत भारतीय समय के मुताबिक सुबह 4.30 या फिर 5.30 बजे शुरू होती है, जो भारतीय फैंस के लिए थोड़ी तकलीफ देने वाली तो जरूर होती है, लेकिन इस वनडे सीरीज या टी20 सीरीज में ऐसा नहीं होगा और इन मैचों को देखने के लिए इतनी सुबह जगने की की जरूरत नहीं होगी क्योंकि इन मैचों की शुरुआत जब तक होगी तब तक आप अपनी नींद पूरी कर चुके होंगे।

### वनडे सीरीज शेड्यूल

**पहला वनडे मैच :** 19 अक्टूबर- पर्थ- भारतीय समय अनुसार सुबह 9 बजे शुरू होगा।
**दूसरा वनडे मैच :** 23 अक्टूबर- एडिलेड- भारतीय समय अनुसार सुबह 9 बजे शुरू होगा।
**तीसरा वनडे मैच :** 25 अक्टूबर- सिडनी- भारतीय समय अनुसार सुबह 9 बजे से।

### टी20आई सीरीज शेड्यूल

**पहला टी20 मैच-** 29 अक्टूबर- कैनबरा- भारतीय समय अनुसार दोपहर 1.45 बजे शुरू होगा।
**दूसरा टी20 मैच-** 31 अक्टूबर- मेलबर्न- भारतीय समय अनुसार दोपहर 1.45 बजे शुरू होगा।
**तीसरा टी20 मैच-** 2 नवंबर- होबार्ट- भारतीय समय अनुसार दोपहर 1.45 बजे शुरू होगा।
**चौथा टी20 मैच-** 6 नवंबर- गोल्ड कोस्ट- भारतीय समय अनुसार दोपहर 1.45 बजे शुरू होगा।
**पांचवां टी20 मैच-** 8 नवंबर- ब्रिस्बेन- भारतीय समय अनुसार दोपहर 1.45 बजे शुरू होगा।

### 9 बजे से खेले जाएंगे वनडे, 1.45 पर शुरू होगा टी-20

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज की शुरुआत 19 अक्टूबर से होगी और ये तीनों मुकाबले भारतीय समय के मुताबिक सुबह 9 बजे से शुरू होंगे जबकि टॉस का वक्त सुबह 8.30 बजे का होगा। वहीं 5 मैचों की टी20 सीरीज की शुरुआत 29 अक्टूबर से होगी और टी20 मुकाबले दोपहर 1.45 बजे से होगा और इसमें टॉस का समय 1.15 बजे होगा। वनडे सीरीज में भारतीय टीम की कमान शुभमन गिल के हाथों में होगी जबकि टी20 टीम की कमान सूर्यकुमार यादव के हाथों में होगी।

### सहरावत ने गलती स्वीकारी प्रतिबंध पर पुनर्विचार करने का किया अनुरोध



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पहलवान अमन सहरावत ने सोमवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) द्वारा उन पर लगाए गए एक साल के प्रतिबंध पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया। सहरावत को जगरेब में विश्व चैंपियनशिप में मुकाबले से पहले वजन कम करने में विफल रहने पर प्रतिबंध लगाया है। शुरुआती मुकाबले से पहले उनका वजन निर्धारित सीमा से 1.7 किलोग्राम अधिक था। भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में सहरावत ने स्वीकार किया कि उन्होंने पिछले महीने वजन कम न कर पाने की गलती की थी। इस पहलवान ने कहा कि वह डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह से मुलाकात करेंगे और उनसे महासंघ के फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करेंगे। सहरावत ने 2024 पेरिस खेलों में 57 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतने के लिए 50 लाख रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित होने के बाद कहा, "मैं उनसे (डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष) मुलाकात कर यह अनुरोध करूंगा।

### जोशना ने जीता जापान ओपन का खिताब...



**नई दिल्ली।** स्क्वाश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए योकोहामा में जापान ओपन फाइनल में मिस्र की हया अली को चार गेम में हराकर अपना 11वां पीएसए टूर खिताब जीता। विश्व की पूर्व नंबर 10 भारतीय महिला खिलाड़ी ने 15,000 अमेरिकी डॉलर इनामी चैलेंजर प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में तीसरी वरीयता प्राप्त मिस्र की खिलाड़ी को 38 मिनट में 11-5, 11-9, 6-11, 11-8 से हराया।

### एशेज सीरीज के पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे कमिंस



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम के कप्तान पैट कमिंस ने स्वीकार किया है कि अगले महीने पर्थ में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले एशेज सीरीज के पहले मैच में उनका खेलना संदिग्ध है। इस तेज गेंदबाज ने कहा, 'मैं इस बारे में पक्के तौर पर कुछ नहीं कह सकता लेकिन मैं कहूंगा कि इसकी संभावना कम से कम है। मेरे पास अभी भी थोड़ा समय है।' आस्ट्रेलियाई कप्तान पीठ की चोट के कारण तीन महीने के लिए बाहर हो गया है और अटकलें लगाई जा रही है कि उनका इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के अलावा अन्य मैचों से भी खेलना संदिग्ध है। कमिंस ने कहा कि उन्होंने शारीरिक अभ्यास शुरू कर दिया है और वह सत्र दर सत्र अच्छा महसूस कर रहे हैं।

आज से शुरू हो रहा डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट

# सत्र के पहले खिताब पर सात्विक-चिराग की नजरें

एजेंसी ▶▶| ओडेंसे

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे 950,000 डॉलर इनामी डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में देश के अभियान की अगुवाई करते हुए अपने शानदार प्रदर्शन को खिताब में बदलने की कोशिश करेंगे। इस छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी का पहला मुकाबला स्कॉटलैंड के क्रिस्टोफर ग्रिमली और मैथ्यू ग्रिमली से होगा। सात्विक और चिराग इस सत्र में भारत के लिए सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं, लेकिन अभी तक खिताब नहीं जीत पाए हैं। उन्होंने इस सत्र में हांगकांग और चाइना मास्टर्स सुपर 750 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। इस जोड़ी ने पेरिस में विश्व चैंपियनशिप में दूसरा कांस्य पदक भी जीता और कई अन्य टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई।

### शेट्टी पहले दौर में फ्रांस के पोपोव से भिड़ेंगे

पुरुष एकल में विश्व के 28वें नंबर के खिलाड़ी आयुष शेट्टी पहले दौर में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से भिड़ेंगे। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी और विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर काबिज लक्ष्य सेन का सामना आयरलैंड के नहत गुयेन से होगा। महिला एकल में युवा अनमोल खरब का सामना अपने पहले मुकाबले में इंडोनेशिया की सातवीं वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी से होगा। पुरुष युगल में पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक का सामना पहले दौर में चीनी ताइपे के लियू कुआंग हेंग और यांग पो हान से होगा।



### सेल्वम और सिमरन का मुकाबला गैब्रिएला और स्टेफनी से

महिला युगल में रुतपर्णा पांडा और स्वेतापर्णा पांडा का मुकाबला स्कॉटलैंड की जूली मैकफर्सन और सियारा टोरेंस से, जबकि कविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंघी का बुल्गारिया की गैब्रिएला और स्टेफनी स्टोएवा से होगा। मिश्रित युगल में मोहित और लक्षिता जगलान, रोहन कपूर और रुथविका शिवानी तथा ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की जोड़ियां अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25




कैश डिस्काउंट ₹2 100#

एक्सचेंज बोनस ₹2 500#

डाउन पेमेंट ₹1 999^ से शुरू

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक
HDFC BANK FESTIVE TREATS क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs

कॉर्पोरेट ऑफ़र्स ₹2 200# तक

SCAN TO KNOW MORE
ASK FOR XTEC

68kmpl
बेस्ट-इन-क्लास माइलेज$

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY*
*Conditions apply

Hero GoodLife
जीतने का मौका
100% कैशबैक | सोने का सिक्का
और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स*

Additional offers on
Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. | CIN: L.35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. $Mileage of Hero Super Splendor Xtec as per internal testing conditions. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. #Limited period offer, T&C apply. *Ex-showroom prices are applicable in Haryana.

TOLL FREE
1800 266 0018

Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors- 9289923122; Ambala City: Dhruv Hero - 9289922868; Assandh: Sandhu Hero - 9996571157; Bahadurgarh: Satvik Hero - 9289922550 Bhiwani: Jaya Hero - 9289922056; Ellenabad: Ajit Hero - 9289922505; Fatehabad: Shri Balaji Hero - 9289922057; Gharaunda: Laxmi Hero - 9289922433; Gohana: Krishna Hero - 9289923026; Hisar: Chaudhary Hero - 9289922049, Vikrant Hero - 9289923082; Jhajjar: Pushkar Hero - 9289923147; Jagadhari: Khanna Hero - 9289922050; Jind: National Hero - 9289922061; Kaithal: Chaudhary Hero - 9289922062; Karnal: Nirmal Hero - 9289922048; Kurukshetra: VPS Hero - 9289922988; Ladwa: Khanna Hero - 9289922063; MandiDabwali: Karan Hero - 9289922490; Nuh: Sunil Hero - 9289923087; Narnaul: Autodeals Hero - 9289922058; Narwana: Narwana Hero- 9289923101; Palwal: DevVaahan Hero - 9289922877; Panchkula: Regent Hero - 9289923161; Panipat: Kadian Hero - 9289923182, Sahib Hero - 9289922059; Pehowa: Saraswati Hero - 9289922393; Rewari: Virendra Hero - 9289922060; Rohtak: Shivam Hero - 9289922047; Sirsa: Khanna Hero- 9289923195; Sonipat: Madaan Hero - 9289922865; Yamuna Nagar: Rohit Hero - 9289922394; Hansi: Sunil Motors- 9821744694.

TU1Jgtq132147